आवश्यकता है
दैनिक उजाला
हितैषी एक्सप्रेस
हिंदी समाचार पत्र
में उत्तरप्रदेश के
सभी जनपदों से
पत्रकारों की संपर्क
करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 145 | हापुड़, गुरुवार 12 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

## गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं - सीएम योगी



गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को करारा कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनी। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। सीएम ने अफसरों से कहा कि वे हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट करते हुए स्नेहिल भाव से आशीर्वाद दिया।

## हम चाहते हैं सदन चले, सरकार अदाणी पर चर्चा नहीं चाहती- राहुल



नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर आग्रह किया कि उनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा की गई ''अपमाजनक'' टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाया जाए। राहुल गांधी का यह भी कहना था कि विपक्ष तो चाहता है कि सदन चले, लेकिन सरकार अदाणी समूह से जुड़े मामले पर चर्चा नहीं चाहती। बिरला से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''मैंने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर कहा कि मेरे खिलाफ की जाने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को हटाया जाना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा है कि वह इस पर गौर करेंगे।''उनका कहना था, ''हमारा उद्देश्य है कि सदन चलना चाहिए और सदन में चर्चा होनी चाहिए। वे (सत्तापक्ष) मेरे बारे में जो चाहे कहें, लेकिन हम चाहते हैं कि सदन में चर्चा हो।''राहुल गांधी ने कहा कि 13 और 14 दिसंबर को लोकसभा में संविधान पर चर्चा करने की बात तय हुई थी और यह चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अदाणी से जुड़े मामले से ध्यान भटकाने के लिए जॉर्ज सोरोस से जुड़े आरोप लगा रही है। उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी सरकार अदाणी मामले पर चर्चा नहीं चाहती। वे मुद्दे को भटकाना चाहते हैं, लेकिन हम इस मुद्दे को उठाते रहेंगे।''कांग्रेस नेता ने कहा, ''वे मेरे ऊपर चाहे जितने आरोप लगा लें, लेकिन हम सदन को चलाना चाहते हैं।''इससे पहले, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे की राहुल गांधी के खिलाफ ''अपमानजनक'' टिप्पणी पर मुख्य विपक्षी दल की शिकायत पर गौर करने और उन्हें 'रिकॉर्ड' से हटाने का आग्रह किया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पांच दिसंबर को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत विपक्षी दलों पर विदेशी संगठनों और लोगों के माध्यम से देश की संसद, सरकार तथा अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था जिस पर भारी हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही बाधित हुई थी।

## दिल्ली में इस सर्दी की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई



नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को इस सर्दी का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया और पारा तेजी से गिरकर 4.9 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। दिल्ली में एक दिन पहले न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, ''सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सर्दी के मौसम का सबसे कम तापमान है। पिछले साल भी 15 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।'' मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने बताया कि स्टेशन पर अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 27 दिसंबर 1930 को दर्ज किया गया था, जब न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 64 प्रतिशत रहा, जबकि अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। इस बीच, दिल्ली में बुधवार सुबह वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में रही, हालांकि आंकड़ा 'मध्यम' श्रेणी के करीब था। सुबह आठ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 207 रहा और एक दिन पहले एक्यूआई 223 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बेहद खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी के 39 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन में से एकमात्र आर.के. पुरम में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। प्रति घंटे आंकड़े उपलब्ध कराने वाले 'समीर' ऐप के अनुसार, 23 निगरानी स्टेशन ने वायु गुणवत्ता को 'खराब' श्रेणी में बताया, जबकि शेष में यह 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई।

## केंद्र को कार्रवाई कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की रक्षा करनी चाहिए- ममता



पश्चिम बंगाल । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केंद्र को हिंसा प्रभावित बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देनी चाहिए और लौटने के इच्छुक लोगों को वापस लाना चाहिए। बनर्जी ने यह भी दावा किया कि फर्जी वीडियो जानबूझकर प्रसारित किए जा रहे हैं, क्योंकि कुछ वर्ग सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षा चाहते हैं। केंद्र सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए।
उसे उन लोगों को भी वापस लाना चाहिए जो भारत लौटना चाहते हैं। मुख्यमंत्री जगन्नाथ मंदिर के निर्माण की समीक्षा के लिए दीघा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। बांग्लादेश की 17 करोड़ की आबादी में लगभग आठ प्रतिशत अल्पसंख्यक हिंदू हैं, जिन्हें पांच अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से 50 से अधिक जिलों में हमलों का सामना करना पड़ा है।

## युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है - प्रधानमंत्री



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद में कहा कि आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवा इनोवेटर के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का अलग नजरिया है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते हैं। ऐसे में जब आपको नई चुनौतियां मिलती हैं तो उनके नये और अनोखे समाधान खोजकर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वह पहले भी हैकथॉन में भाग ले चुके हैं और युवा इनोवेटर्स ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। उन्होंने मनोबल बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए लगातार नए-नए समाधानों की ज़रूरत होती है। इनोवेटर्स की टीम के समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने साइबर सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिस समाधान पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के फ्यूचर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसके विपरीत देश के दुश्मन, भारत में हथियारों और ड्रग्स के तस्करी में ड्रोन का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि युवा इनोवटर्स सभी, ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में स्टार्टअप की संख्या सैकड़ों में होती थी वो आज डेढ़ लाख तक पहुंच गई है। यूनिकॉर्न हमारे देश में बन रहा है। देश के सभी केंद्र शासित प्रदेशों के 10 हजार से अधिक विद्यार्थी इस फिनाले में हिस्सा ले रहे हैं। हैकाथॉन में 51 केंद्रों से 1300 विद्यार्थियों की टीम हिस्सा ले रही हैं।

## सदियों में एक बार मिलता है तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती जैसा व्यक्तित्व - पीएम मोदी



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रह्मण्य भारती की 143वीं जयंती पर उनकी संपूर्ण रचनाओं का संग्रह जारी किया। इस संग्रह का शीर्षक 'कालवरिसैयिल् भरतिया पडैप्पुगळ्' है और यह कालानुक्रमिक क्रम में 21 खंडों में महाकवि भरतियार की संपूर्ण संग्रहित रचनाएं हैं। इसे सीनी विश्वनाथन ने संकलित किया है। दिल्ली में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कवि सुब्रह्मण्य भारती को मां भारती की सेवा के लिए समर्पित एक गहन विचारक के रूप में याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के भविष्य के लिए उनके दूरदर्शी विचारों की सराहना की। साथ ही युवा और महिला सशक्तिकरण, विज्ञान एवं नवाचार में विश्वास और संचार के माध्यम से राष्ट्र के एकीकरण पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा, ज्मैं इस महान कवि को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी विरासत को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आज का दिन भारत की सांस्कृतिक विरासत, साहित्यिक विरासत और उसके स्वतंत्रता संग्राम की यादों के साथ-साथ तमिलनाडु के गौरव का भी महत्वपूर्ण अवसर है। महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की रचनाओं का प्रकाशन उनके प्रति एक उल्लेखनीय श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के कार्यों का, उनकी रचनाओं का प्रकाशन एक बहुत बड़ा सेवायज्ञ और बहुत बड़ी साधना है। और आज उसकी पूर्णाहुति हो रही है। हमारे देश में शब्दों को केवल अभिव्यक्ति ही नहीं माना गया है। हम उस संस्कृति का हिस्सा हैं, जो 卐शब्द ब्रह्म卐 की बात करती है, शब्द के असीम सामर्थ्य की बात करती है। हमारे ऋषि-मुनियों की वाणी सिर्फ उनके विचार नहीं बल्कि उनके चिंतन, अनुभव और साधना का निचोड़ हैं। सुब्रह्मण्य भारती जैसा व्यक्तित्व सदियों में कभी एक बार मिलता है। उनका चिंतन, मेधा और बहु-आयामी व्यक्तित्व हर किसी को हैरान करता है। पीएम मोदी ने कहा, वह एक ऐसे व्यक्ति थे जो समझते थे कि भविष्य में क्या छिपा है। उस समय भी जब समाज कई समस्याओं का सामना कर रहा था, उन्होंने युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण की वकालत की। उन्हें विज्ञान और नवाचार में भी विश्वास था। उन्होंने कहा था कि ऐसा कोई उपकरण होना चाहिए जिससे हम कांची में बैठकर काशी में क्या हो रहा है, यह देख सकें और हम आज इसे जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुब्रह्मण्य भारती ऐसे महान मनीषी थे, जो देश की आवश्यकताओं को देखते हुए काम करते थे। उनका विजन बहुत व्यापक था। उन्होंने हर उस दिशा में काम किया, जिसकी जरूरत उस कालखंड में देश को थी। भरतियार केवल तमिलनाडु और तमिल भाषा की ही धरोहर नहीं हैं, वो एक ऐसे विचारक थे जिनकी हर सांस मां भारती की सेवा के लिए समर्पित थी।

## फिलिस्तीनी राजदूत प्रियंका गांधी से मिले, वायनाड सांसद बनने पर दी बधाई



नई दिल्ली । भारत में फिलिस्तीन के राजदूत आबेद ऐलराजेग अबू जाजेर ने बुधवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी से मुलाकात की है। उन्होंने प्रियंका को वायनाड लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने पर बधाई दी। इस मुलाकात में प्रियंका गांधी ने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए फिलिस्तीनी लोगों के संघर्ष के लिए अपने समर्थन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह बचपन से ही फ़िलिस्तीनी हितों के लिए जी रही हैं और इसके न्याय में विश्वास करती हैं। इसके अलावा उन्होंने बचपन में फिलिस्तीनी नेता यासिर अराफात की भारत यात्रा के दौरान कई बार पूर्व पीएम इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से मुलाकात का जिक्र किया। इस दौरान प्रियंका ने गाजा में चल रही इजराइली सैन्य कार्रवाइयों की निंदा की और क्षेत्र में विनाश और तबाही के लिए गहरा दुख व्यक्त किया।
प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं हर उस मां के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं जिसने अपना बच्चा खोया है। उन्होंने गाजा में संकट को संबोधित करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी की भी आलोचना की। वहीं, फिलिस्तीन के राजदूत ने गाजा में युद्धविराम की दिशा में भारत की भूमिका के महत्व की बात कही। उन्होंने गाजा में भारत के प्रभाव के महत्व पर जोर देते हुए फिलिस्तीनी अधिकारों के लिए भारत के निरंतर समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने फिलिस्तीन और भारत के राजनीतिक दलों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को भी याद किया, जिसमें कांग्रेस पार्टी भी शामिल है, जो लंबे समय से फिलिस्तीनी आत्मनिर्णय की वकालत करती रही है।

## भाजपा ने 22,000 वोटरों के नाम हटाने के लिए बड़ी तादाद में आवेदन जमा कराए -आप




नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को भाजपा पर आगामी विधानसभा चुनावों में हार के डर से सात निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भारी मात्रा में आवेदन जमा करने का आरोप लगाया। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के साथ यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने दावा किया, जब भाजपा अरविंद केजरीवाल को रोकने और उन्हें चुनाव में हराने में असमर्थ रही, तो अन्य तरीकों से जीतने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के सदस्यों और समर्थकों ने मतदाता सूची से 22, 000 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए बड़े पैमाने पर आवेदन प्रस्तुत किए। इन आवेदनों पर विचार कर रहा है निर्वाचन आयोग सिसोदिया ने कहा, यह एक चिंताजनक मुद्दा है, जो यह उजागर करता है कि किस प्रकार 22, 000 मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं - जो कि भाजपा द्वारा रची गई एक संभावित साजिश है। यह तथ्य और भी खतरनाक है कि निर्वाचन आयोग इन आवेदनों पर विचार कर रहा है। भाजपा को शायद लगा होगा कि वे इस निर्वाचन क्षेत्र में हार जाएंगे और उनके पास वहां पर्याप्त समर्थक नहीं हैं, यही वजह है कि वे मतदाताओं का नाम हटवाने की रणनीति में लगे हुए हैं। इस आरोप पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। सात निर्वाचन क्षेत्रों के नाम सूचीबद्ध करते हुए और प्राप्त फर्जी आवेदनों का विवरण प्रदान करते हुए, चड्ढा ने कहा, हमने पाया कि पार्टी से जुड़े लोगों ने मतदाताओं के नाम हटवाने के लिए अधिकतम आवेदन प्रस्तुत किए हैं। चुनाव से ठीक पहले इन नामों को हटाना क्यों जरूरी है?उन्होंने कहा, इससे यह सवाल उठता है कि चुनाव से ठीक दो महीने पहले इन नामों को हटाना क्यों जरूरी है? इतनी बड़ी संख्या में नामों को हटाने के पीछे कौन है? नियम यह है कि एक व्यक्ति एक दिन में नाम हटाने के लिए 10 से अधिक आवेदन नहीं दे सकता। चड्ढा ने यह भी बताया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में 'आप% का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिलेगा और एक ज्ञापन सौंपेगा। भाजपा, आप पर उसके कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश और म्यांमा से आए अवैध प्रवासियों को मतदाता के रूप में शामिल करने का आरोप लगा रही है, जिससे राजनीतिक बहस तेज हो गई है। अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अवैध अप्रवासियों का मुद्दा जोर पकड़ता जा रहा है। आप लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश में है, जबकि भाजपा 25 साल बाद राजधानी में सत्ता हासिल करना चाहती है।

# संपादकीय

## बच्चों के विकास में जरूरी है आऊटडोर एक्टिविटीज

वे दिन गए जब बच्चे स्कूल से आते ही अपना बैग एक ओर फैंक कर दोस्तों के साथ कंचे, कबड्डी, पतंग उड़ाने, गिल्ली-डंडा खेलने या फिर गुड्डे-गुडिया का खेल खेलने निकल जाते थे। अब तो बच्चे स्कूल से आने के बाद घर के भीतर ही कम्प्यूटर गेम खेलना पसंद करते हैं जबकि बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए आऊटडोर एक्टिविटीज बहुत जरूरी होती हैं इसलिए अपने बच्चे को पढ़ाई के अलावा खेल या अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित करें। चुनौतियों का सामना करना सीखता है बच्चा आऊटडोर एक्टिविटीज में बच्चा पढ़ाई के अलावा कई नए हुनर भी खेल-खेल में सीख जाता है जो भविष्य में उसके विकास में मुख्य भूमिका निभाते हैं। खेलों में पार्टीसिपेट करने से बच्चे टीम भावना और स्पोर्ट्समैनशिप सीखते हैं। प्रतियोगिता उन्हें जीवन में आगे बढने की चुनौतियों का सामना करना सिखाती है, जो हमेशा उनके काम आएंगी। दोस्त बनाना सीखें पढ़ाई के अलावा किए जाने वाले इन कामों से बच्चा नए दोस्त बनाना और उनसे बातचीत करने का हुनर सीखता है। ये गतिविधियां बच्चे में टीम के तौर पर काम करने और टीम में अपना सहयोग देने की भावना का भी विकास करती हैं। बच्चे सार्वजनिक प्रदर्शन करने और व्यवहार करने की कला सहजता से सीखते चले जाते हैं। बनता है एक्टिव क्या आपका बच्चा भी पूरी क्लास के सामने खड़े हो कर बोलने या कविता सुनाने में झिझकता है या दूसरों के कुछ पूछने पर जवाब नहीं दे पाता तो उसे एक्सट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में शामिल करें। आप उसे पेंटिंग, गाने या डांस की क्लास ज्वाइन करा सकते हैं। इससे बच्चे अपने सीमित दायरे से बाहर निकल कर दूसरों से घुलना-मिलना सीखते हैं। झिझक दूर होने से वे एक्टिव भी बनते हैं। रहेगा फिट बच्चे को किसी खेल के साथ जोड़ दें। इससे बच्चा अधिक व्यायाम कर पाएगा। साथ ही फिट और सेहतमंद भी रहेगा। बढ़ती है सीखने की क्षमता यदि आप यह सोचते हैं कि इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने से आपका बच्चा पढ़ाई में पीछे रह जाएगा, तो यह सही नहीं है क्योंकि जो बच्चे स्कूल के बाद की गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं वे पढ़ाई में उन बच्चों की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन करते हैं जो इसका हिस्सा नहीं होते। एक्सट्रा करिकुलर एक्टिविटीज बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ाती है जिसका असर उनके रिजल्ट्स में देखने को मिलता है। समय प्रबंधन इन गतिविधियों का एक बड़ा फायदा यह होता है कि आपका बच्चा समय प्रबंधन सीखता है। वह महत्वपूर्ण कामों की प्राथमिकता तय करना सीखता है। यह भी देखा गया है कि जो वयस्क अपने बचपन में ऐसे कामों में संलग्न रहते थे वे आसानी से कई काम एक साथ कर लेते हैं। उन्हें काम का दबाव अन्यों के मुकाबले कम होता है और कार्यों की प्राथमिकता सूची बनाने में उन्हें कोई परेशानी नहीं आती। रिलैक्स और रिफ्रैश होमवर्क का दबाव, क्लास टैस्ट और एग्जाम इन सबने बच्चों पर काफी मानसिक दबाव बना रखा है। वे इतना स्ट्रैस महसूस करते हैं कि न तो सही ढंग से अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं और न ही बाकी कामों को सही तरीके से कर पाते हैं। ये गतिविधियां उन्हें रिलैक्स और रिफ्रैश महसूस कराने में मदद करती हैं।

## छोटे-छोटे टिप्स से घर को बनाएं सुंदर

अगर आपको अपना घर छोटा लगता है तो आप इस छोटे से घर में अपने सारे सामान को मैनेज करने से घबराते है और कोई नई चीजें खरीदने में भी संकोच करते है। अगर आप चाहते है कि आप का घर भी सुंदर और बड़ा दिखाई दें। आप अपने घर में सिर्फ जरूरत मंद चीजें ही रखें। ज्यादा वस्तुएं से घर तंग लगने लगता है। जो चीजें जरूरत की है उन्हीं चीजों को घर में इस तरह रखें ताकि घर सुंदर होने के साथ साथ बड़ा भी दिखाई दें। छोटे घर को सुंदर और आकार में बड़ा दिखाने के कुछ टिप्स-घर में सिर्फ जरूरत की चीजें ही रखें। बेकार चीजों को घर से बाहर निकाल देना चाहिए। -घर में अगर जगह कम है तो घर में पड़ी चीजों को इस तरह रखें जिससे घर में इधर उधर जाते वक्त कोई रूकावट न आए। -हाथ से बनी चीजों को भी घर की दीवारों पर सजाने से घर की सुंदरता ओर बढ़ जाती है। -घर की दीवारों पर भी लाईट रंग करवाने चाहिए ताकि उस छोटे घर में भी तंग जगह का एहसास न हो। -घर में पर्दों का चुनाव भी सोच समझ कर करना चाहिए। छोटे से घर को सुंदर और बड़ा दिखाने के लिए पर्दे भी विशेष भूमिका निभाते है। -घर में बच्चों की किताबों की अलमारी और कपड़ों की अलमारी के लिए भी जगह कम हो तो अलमारी को दीवार में ही बनवाना चाहिए। -घर में कम फर्नीचर का इस्तेमाल करने से भी घर की खूबसूरती में चार चांद लग सकता है। -घर चाहें छोटा हो या बड़ा साफ सफाई का विशेष ध्यान देने से घर न केवल सुंदर दिखेंगा ब्लकि साफ होने के साथ-साथ आकार में भी बड़ा दिखाई देगा।

## 12 दिसंबर 2024 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 07.03 प्रात-
सूर्यास्त- 05.38 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 02.58 दोपहर
चंद्र अस्त- 04.37 प्रात-
चंद्रमा- मेष राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-11 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-27 पक्ष- शुक्ल पक्ष 12, तिथि-द्वादशी रात्रि- 10.26 तक बाद में त्रयोदशी,नक्षत्र-अश्विनी प्रात- 09.52 तक बाद में भरणि,योग-परिघ दोपहर- 03.22 तक बाद में शिव,करण-बव प्रात- 11.49 तक बाद में बालव रात्रि- 10.26 तक बाद में कौलव,राहु काल दोपहर- 1.30 से 03.00 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक यमगंड प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त प्रात- 10.34 से 12.41 तक दुमुहूर्त प्रात- 10.34 से 11.17 तक दोपहर 02.48 से 03.31 तक अमृत काल-प्रात- 03.26 से 04.54 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.26 से 06.14 तक।

## आज 12 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- व्यवसाय में कानूनी परेशानी सम्भव है, नये वैवाहिक जीवन में तालमेल बिगड़ सकता है, मन पिछली बातों को याद कर खिन्न हो सकता है, संतान की महँगी शिक्षा का प्रबंध करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-53

वृषभ- रिश्तों में प्रेक्टिकल रवैय्या परेशानी देगा, मरीन, नेवी, पेस्टीसाइड, केमिकल, सिरका,लिकर क्षेत्र वाले उन्नति करेंगे, ऑफिस में कोई टेंशन हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-55

मिथुन-जिम्मेदारी से कार्य करेंगे, लोन लेने में परेशानी आयेगी, अकेलापन दूर करने के लिए मंदिर या टहलने जाएंगे, उच्च वर्ग के लोगों से किसी कार्य हेतु मिलना होगा।
भाग्य प्रतिशत-57

कर्क-कार्य करते समय लग ही विचार चलते रहेंगे, व्यवसाय में थोड़ी मंदी अनुभव होगी, मनचाहा काम मिलने में देरी भी हो सकती है,ऑनलाइन कार्य से थोड़ा धन आयेगा, बहस से बचें।
भाग्य प्रतिशत-52

सिंह-अपना कार्य सेटल करने में आसानी होगी, पैतृक धन को लेकर कुटुंब से विवाद गहरा सकता है, सरकारी क्षेत्र में एक प्रयास और करने का विचार आयेगा।
भाग्य प्रतिशत-62

कन्या- मेनेजमेंट, अर्थशास्त्र, सीए जैसे क्षेत्र में मौका मिलने का समय आ गया है, स्वास्थ्य में भी सुधार होगा, पत्नी को गर्भाशय संबन्धी या अंदरुनी रोग सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-63

तुला-नकारात्मक विचारों से घिरे रह सकते है,नौकरी की जगह स्वयं का कुछ करने का मन बनेगा, रिफाइनरी, पेट्रोल, कोयला, क्षेत्र से लाभ होगा, मदिरा का सेवन ना करें।
भाग्य प्रतिशत-57

वृश्चिक- घर में शांति चाहेंगे, कोई टेंशन की बात चलेगी, वाणी या ज्ञान सम्बन्धी कार्य करेंगे, दूसरी संतान के विषय में सोच सकते है।
भाग्य प्रतिशत-54

धनु- नौकरी में तरक्की का समय है, परिवार के लिए कोई इन्वेस्टमेंट कर सकते है, गर्दन आदि में तकलीफ़ सम्भव है, घर में तनाव होने से रोकना माहौल अच्छा रखें।
भाग्य प्रतिशत-54

मकर- शिक्षा में परिश्रम बढ़ेगा, फाइनेंस को लेकर कुछ मसले रह सकते है, इन्टरनेट माध्यम से आमदनी का स्त्रोत बढ़ सकता है, कंसल्टेंशन, अध्यापन क्षेत्र में जा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-56

कुम्भ- नकारात्मकता को छोड़ना सीखें, घर में एकजुटता से कोई कार्य करने में कामयाबी मिलेगी, कुछ भी बोलने से पहले विचार कर ले, प्रॉपर्टी का इन्वेस्टमेंट लाभ देगा।
भाग्य प्रतिशत-61

मीन- थोड़ा क्रोध बढ़ेगा, रक्त की कमी का भी ध्यान रखें, विवाह के लिए प्रस्ताव आ सकता है, भाई बहनो से जुड़ाव बढ़ेगा, पढ़ने लिखने याद करने की क्षमता बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-58

## कपूर खानदान ने की पीएम मोदी से मुलाकात, करीना ने टिम और जेह के लिए लिया ऑटोग्राफ



नई दिल्ली । भारतीय सिनेमा जगत के 'ग्रेट शो मैन' राज कपूर की 100वीं जयंती का जश्न जबरदस्त होगा। कपूर फैमिली पूरी आन बान शान से उत्सव की तैयारी में जुटी है। परिवार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी न्योता दिया है। खुशी का इजहार पूरे परिवार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किया है। करीना कपूर ने तो तस्वीरों की श्रृंखला के साथ वो क्लिप भी शेयर किया जिसमें पीएम मोदी उनके बच्चों टिम और जेह को ऑटोग्राफ दे रहे हैं। करीना कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पीएम के साथ मुलाकात करने पहुंची कपूर फैमिली की तस्वीर साझा कर कैप्शन में लिखा, हम अपने दादा और ग्रेट अभिनेता राज कपूर के असाधारण जीवन और विरासत के जश्न को मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रित किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इस खास दोपहर के लिए मोदी जी का धन्यवाद। इस मील के पत्थर को मनाने में आपकी गर्मजोशी, अटेंशन और समर्थन हमारे लिए बहुत मायने रखता है। जैसा कि हम दादाजी की कलात्मकता और भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के शानदार 100 वर्षों का जश्न मनाने जा रहे हैं। हम उनकी विरासत का सम्मान करते हैं, जो हमें और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। हमें उनकी शानदार फिल्मों और 'राज कपूर 100 फिल्म फेस्टिवल' के साथ भारतीय सिनेमा पर उनके प्रभाव पर गर्व है। इसके साथ अभिनेत्री ने 13-15 दिसंबर, 2024, 10 फिल्में, 40 शहर, 135 सिनेमाघर के साथ 'राज कपूर के 100 साल लिखा। करीना ने इंस्टाग्राम पर पीएम मोदी के साथ पोज देते हुए कपूर परिवार की तस्वीर साझा की। पीएम मोदी के साथ साझा की गई तस्वीर में करीना के साथ करिश्मा कपूर, नीतू सिंह, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, रिद्धिमा कपूर, सैफ अली खान के साथ अन्य सदस्य नजर आए। एक अन्य तस्वीर में करीना कपूर और करिश्मा कपूर पीएम से ऑटोग्राफ लेती नजर आईं। अन्य तस्वीरों में पीएम मोदी, सैफ अली, रणबीर, नीतू, आलिया और करीना से बात करते दिखाई दे दिए। दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर और करिश्मा कपूर ने भी पीएम मोदी के साथ तस्वीर पोस्ट की। राज कपूर की 100वीं जयंती के मौके पर उनकी सफल और शानदार फिल्में दिखाई जाएंगी। इन फिल्मों में 'आग' (1948), 'बरसात' (1949), 'आवारा' (1951), 'श्री 420' (1955), 'जागते रहो' (1956), 'जिस देश में गंगा बहती है' (1960), 'संगम' (1964), 'मेरा नाम जोकर' (1970), 'बॉबी' (1973) 'राम तेरी गंगा मैली' (1985) शामिल हैं। इन फिल्मों को 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक भारत के 40 शहरों और 135 सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। सिनेमाघरों में मूवी टिकट की कीमत 100 रुपये होगी।

## उद्योग जगत को राजनीतिक,रणनीतिक नीतियों को ध्यान में रखते हुए खुद को बदलना चाहिए - सीतारमण




नई दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि उद्योग जगत को देश के राजनीतिक और रणनीतिक निर्णयों को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियों में बदलाव करना होगा। अगले दशक के लिए अर्थव्यवस्था की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए सीतारमण ने कहा कि वैश्विक शांति तथा सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयास किए जाने चाहिए और युद्ध या किसी भी प्रकार के व्यवधान से बचा जाना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को अपनी ताकत हासिल करने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे क्योंकि किसी भी हिंसा या युद्ध से आपूर्ति श्रृंखला तथा खाद्य मूल्य श्रृंखला प्रभावित होती हैं। मंत्री ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक आर्थिक नीति मंच पर कहा, ''दुनिया चुनौतियों का सामना कर रही है जिसका असर अर्थव्यवस्था पर दिखता है।''आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से निपटने के तरीकों के बारे में सीतारमण ने कहा कि वर्तमान में आर्थिक प्राथमिकताओं को राजनीतिक और रणनीतिक जरूरतों के साथ मिलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''जब हम आपूर्ति श्रृंखलाओं को व्यवधान रहित आपूर्ति श्रृंखलाओं में बहाल करने की बात करते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह केवल अर्थशास्त्र नहीं है, यह उससे कहीं अधिक हैज्‍ हमें न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि राजनीतिक तथा रणनीतिक दृष्टि से भी अपने निर्णय स्वयं लेने होंगे। ''सीतारमण ने कहा, ''आपूर्ति श्रृंखलाओं को बहाल करना होगाज्इन्हें पुनः सरेखित करना होगा, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि यह इस स्तर पर हो कि कोई भी भू-राजनीतिक या रणनीतिक जोखिम हमारे लिए खतरा न बन पाए।''उन्होंने कहा, ''पिछले दशक में सीखे गए सबक से हमें यह पता चलता है कि देश को अब इसमें बदलाव लाना होगा तथा उद्योग को न केवल आर्थिक सिद्धांतों पर बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी खुद को बदलना होगा। ''सीतारमण ने कहा कि विस्तार तथा रोजगार सृजन के लिए बड़े, छोटे तथा मझोले उद्योगों को मिलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''उद्योग को नई चुनौतियों के साथ तालमेल बैठाने के तरीकों पर विचार करना होगा।''

## डेब्यू फिल्म 'बैंड बाजा बारात' के 14 साल पूरे, भावुक हुए रणवीर, बोले- 'सपने हकीकत बन गए'



मुंबई । हाल ही में पिता बने फिल्म इंडस्ट्री के बिंदास अभिनेता रणवीर सिंह ने अपनी पहली फिल्म के 14 साल पूरे होने का जश्न मनाया। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर बताया कि 'बैंड बाजा बारात' से सपने हकीकत बन गए। 'गली बॉय' अभिनेता रणवीर सिंह सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं और प्रशंसकों के साथ अपने हर खास पल साझा करते रहते हैं। अभिनेता ने अपनी पहली फिल्म के 14 साल पूरे होने पर खुशी जाहिर की और एक पोस्ट कर प्रशंसकों का आभार जताया। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म के कई सीन्स साझा किए और कैप्शन में लिखा, 'बैंड बाजा बारात' को 14 साल हो गए, जब मेरे सपने हकीकत बन गए। आभार। रोमांटिक-कॉमेडी 'बैंड बाजा बारात' का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया था। साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म में रणवीर सिंह के साथ मुख्य भूमिका में अनुष्का शर्मा थीं। सफल फिल्म की कहानी पर नजर डालें तो श्रुति कक्कड़ (अनुष्का शर्मा) और बिट्टू शर्मा (रणवीर सिंह) वेडिंग प्लानिंग बिजनेस शुरू करते हैं। फिल्म में खूबसूरती के साथ प्रेम कहानी को पर्दे पर उतारा गया। 'बैंड बाजा बारात' की सफलता के बाद रणवीर सिंह 'लेडीज वर्सेज रिकी बहल' में दिखे। रणवीर सिंह की गिनती इंडस्ट्री के सफल अभिनेताओं में की जाती है। रणवीर ने 'बाजीराव मस्तानी' 'पद्मावत', 'गोलियों की रासलीला राम-लीला', 'सिम्बा', 'गली बॉय', '83' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी फिल्मों में काम किया। रणवीर सिंह की हालिया रिलीज 'सिंघम अगेन' है। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ मुख्य भूमिका में करीना कपूर खान, अजय देवगन, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर हैं। अभिनेता की झोली में फरहान अख्तर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'डॉन 3' के साथ करण जौहर की 'तख्त' भी है।

## सर्राफा बाजार में जबरदस्त तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज जोरदार तेजी नजर आ रही है। सोना आज 770 रुपये से लेकर 820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी ने भी आज 4,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक की छलांग लगाई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,750 रुपये से लेकर 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,220 रुपये से लेकर 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज भाव में तेजी आने से से सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 72,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## तीसरी एनिवर्सरी पर राजस्थान में कटरीना ने जंगल में बिताए 48 घंटे



मुंबई । शादी की तीसरी सालगिरह पर फिल्म एक्ट्रेस कटरीना कैफ अभिनेता पति विक्की कौशल के साथ राजस्थान आई हुई हैं। उन्होंने पाली के सुजान जवाई होटल में वक्त बिताया। कटरीना ने पाली के जवाई इलाके की 12 खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और लिखा- जंगल में 48 घंटे। कटरीना कैफ ने जंगल, लेपर्ड, नील गाय, स्विमिंग पूल और होटल इंटीरियर के फोटो शेयर किए। फिल्म अभिनेता विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने शादी की तीसरी एनीवर्सरी सेलिब्रेट करने के लिए राजस्थान को चुना। वे रविवार और सोमवार को पाली स्थित जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन एरिया के पास स्थित सुजान होटल में रुके थे। सोमवार को उन्होंने शादी की सालगिरह सेलिब्रेट की। होटल की ओर से सेलिब्रेशन के लिए खास इंतजाम किए गए। दोनों ने केक काटा और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। शाम को लालटेन की रोशनी में दोनों ने डिनर किया। इस दौरान उन्हें राजस्थानी भोजन सर्व किया गया। डिनर के बाद संगीत का कार्यक्रम भी हुआ। इसके लिए लोक कलाकारों को बुलाया गया। कटरीना यलो टी-शर्ट और विक्की कौशल ब्लैक टी-शर्ट, कैप में घनी मूछों में नजर आए। सेल्फी में दोनों मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। कटरीना ने इस फोटो के साथ इमोशनल भरा मैसेज भी लिखा दिल तू, जान तू। मंगलवार सुबह कटरीना कैफ और विक्की कौशल सुजान जवाई होटल से कार से उदयपुर के लिए रवाना हो गए। विक्की और कटरीना ने नौ दिसम्बर 2021 को राजस्थान के सवाई माधोपुर के सिक्स सेंसेस फोर्ट बरवाड़ा में शादी की थी।। इसके बाद अगले साल 2022 उन्होंने पाली के सुजान जवाई में क्रिसमस की छुट्टियां बिताई थीं। खुले जंगल में स्थित सुजान जवाई होटल की प्राइवेसी और जंगल से नजदीकी विक्की और कटरीना को बहुत पसंद आई। यही वजह है कि वे राजस्थान में छुट्टियां मनाने आती हैं। पाली का जवाई लेपर्ड एरिया कटरीना की खास पसंद है। यहां खुले में घूम रहे लेपर्ड को निहारना और शांत वातावरण उन्हें खासा रास आता है। शादी की तीसरी सालगिरह मनाने दोनों पाली में जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन एरिए के पास सुजान जवाई होटल में रुके। यह दुनिया की 50 अनोखे होटल में शामिल है। कुछ माह पहले ही लंदन के मशहूर गिल्ड हॉल में पुरस्कार समारोह का आयोजन कर रैंकिंग की घोषणा की गई थी। पूरी दुनिया से अनोखे बेहतरीन होटल को चुनने में 600 एक्सपर्ट होटल बिजनेसमैन, ट्रैवल जर्नलिस्ट, टीचर और वर्ल्ड ट्रैवलर्स ने एक साल का समय लिया। उन्होंने दुनिया के सभी महाद्वीपों में होटल्स को अलग-अलग विशेषताओं के आधार पर परखा और फिर 50 होटलों का चयन किया। जवाई बांध एरिया (पाली) में स्थित सुजान जवाई होटल दुनिका के 50 अनोखे होटलों में से एक है। सुजान जवाई की कुछ ऐसी खासियत हैं, जो इसे भारत और दुनिया के अन्य होटलों से अलग करती हैं। यह होटल शहर में नहीं बल्कि घने जंगल के बीच है। पाली जिले में जवाई नदी पर बने जवाई बांध के उत्तर-पूर्व में अरावली की पहाड़ियों के बीच यह होटल 10 अलग-अलग कैंप में बंटा हुआ है। यह लेपर्ड सफारी से 10 किमी और जवाई डैम से 12 किमी की दूरी पर है। होटल ने जंगल को या वन्यजीवों को नुकसान नहीं पहुंचाया है। स्थानीय समुदायों को भी विस्थापित नहीं किया है। जंगल में जंगल को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह प्रयास किया गया है कि होटल के कारण जंगल को किसी भी तरह का शोर-शराबा या गंदगी न झेलनी पड़े। यहां जंगल और होटल एक नजर आते हैं। यही वजह है कि इसे दुनिया के 50 बेहतरीन और अनूठे होटलों में शामिल किया गया है।

यहां का शांत वातावरण और खुले में घूमते लेपर्ड सैलानियों का मनमोह लेते है। इसलिए फिल्म स्टार, क्रिकेटर, राजनेता सहित कई सेलिब्रेटी हर साल यहां जवाई होटल में आते है। इन्हीं खासियत के चलते इस होटल सुइट का रेंट सवा लाख रुपए से शुरू होता है। जवाई कंजर्वेशन एरिए में 50 के करीब लेपर्ड हैं। जो सेणा, बेड़ा, जीवदा, पैरवा, बिसलपुर, दूदनी, कोठार, रघुनाथपुरा, वेलार जैसे गांवों के आस-पास पहाड़ियों पर अठखेलियां करते नजर आते हैं। लेपर्ड जहां अपना डेरा जमाए हुए हैं वह भूमि अधिकतर राजस्व विभाग के अंतर्गत आती है। विभाग के अनुसार इन गांवों की पूरी जमीन लगभग साढ़े तीन हजार हेक्टेयर में फैली हुई है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# खुर्जा औद्योगिक पार्क के प्रोत्साहन हेतु कार्यशाला का आयोजन हुआ



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित खुर्जा औद्योगिक पार्क के प्रोत्साहन हेतु आज अलका मोटल बुलंदशहर में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मा0 आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0, मा0जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया, मा0 विधायक सदर श्री प्रदीप चौधरी, मा0 विधायक खुर्जा श्रीमती मीनाक्षी सिंह, मा0 विधायक अनूपशहर श्री संजय शर्मा, मा0 विधायक सिकंदराबाद श्री लक्ष्मीराज सिंह, जिलाधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्री श्लोक कुमार, उपाध्यक्ष बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण डा0 अंकुर लाठर, सीडीओ श्री कुलदीप मीना सहित सम्बंधित अधिकारी एवं उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में खुर्जा औद्योगिक पार्क योजना के बारे में संक्षिप्त रूप से विवरण के बारे में जानकारी दी गई।

# गरीब असहाय लोगों को कम्बल वितरित किए



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । में 0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी द्वारा आज पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर सर्दी से बचाव के लिए गरीब असहाय लोगों को कम्बल वितरित किए। इस अवसर पर विधायक अनूपशहर संजय शर्मा, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्री श्लोक कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक ही दिन में किए दो प्रत्यारोपण

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



बुलंदशहर । 66 साल कि महिला का किया घुटना प्रत्यारोपण 69 साल की महिला का किया कूल्हा प्रत्यारोपण रतन प्रकाश हॉस्पिटल में अब एक ही दिन में हो सकते है एक से ज्यादा प्रत्यारोपण हॉस्पिटल में स्टेनलेस स्टील की मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बनने से अब इंफेक्शन रेट न्यूनतम होने की बात डॉक्टर अनुभव शर्मा ने बताई स्टेनलेस स्टील की मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बुलंदशहर में पहली है दिल्ली के बड़े अस्पतालों में ही उपलब्ध होती है मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर.

# नगर में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं-चेयरमैन किशनपाल



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। जहांगीराबाद नगरपालिका वार्ड नं 11 मोहल्ला कायस्थवाड़ा में राज्य वित्त आयोग से लाखों रुपये की लागत से तीन सीसी रोडो का उद्घाटन चेयरमैन किशनपाल लोधी ने शिलापट से पर्दा हटाकर किया। वार्ड सभासद सुल्तान अंसारी के नेतृव में वार्डवासियों ने चेयरमैन व सभासदों का ढोल नगाड़ा व फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर चेयरमैन किशनपाल लोधी ने कहा कि वार्ड नं 11 कायस्थवाड़ा में तीन सीसी गलियों में सड़कों का उद्घाटन किया गया जो राज्य वित्त आयोग से निर्माण कार्य किया गया है सबसे पहले वार्ड न0 11 कायस्थवाड़ा की सीसी सड़के बनकर तैयार हुई है यह सराहनीय कार्य है। चेयरमैन ने कहा कि नगर में पालिक दुआरा करोड़ो के विकास कार्य तेजी से चल रहे है जिसका शुभारंभ वार्ड 11 से शुरू हो गया है। वार्ड सभासद मोहम्मद सुल्तान अंसारी ने कहा कि तीन गलियों के अलावा तीन गलियों का अभी निर्माण कार्य शुरू होने वाला और शेष बाकी कार्यों का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जायेगा। इस मौके पर सभासद मनमोहन अग्रवाल, सभासद पति आदेश शर्मा, पूर्व सभासद नरेंद्र पटेल ने कहा कि चेयरमैन किशनपाल लोधी के नेतृव में नगर में विकास कार्य तेजी से किये जा रहे है। इस मौके पर आजाद प्रधान,संजय लोधी, राजेश वर्मा, जरीफ मास्टर,रिहान अंसारी, यूसुफ साबरी, आबिद अंसारी,उमेश अंसारी,खुर्शीद अंसारी, अबरार चौधरी, मुकेश वर्मा,योगेश वर्मा,जावेद अंसारी,मुन्ना चौहान समेत आदि मौजूद थे।

# बुलंदशहर में पहुंचे वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण कड़ी है और उन्हीं की वजह से हम चुनाव जीतते हैं वह आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा बुलंदशहर के सभी कार्यकर्ताओं को और जो पार्टी के सदस्य बने हैं सभी को बधाई देता हूं, सभी कार्यकर्ताओं ने बुलंदशहर का स्थान विशेष स्थान दिलवाया पांच लाख से अधिक सदस्य बने और इन्हीं में से 2920 सक्रिय सदस्य बने। मंडल अध्यक्ष का चुनाव मंडलों का चुनाव और जिले का चुनाव बुलंदशहर में होना है, बूथ समिति बूथ अध्यक्षों का चुनाव जो हुआ है उसका सत्यापन होना है। 15 तारीख तक तीन-तीन नाम मंडल अध्यक्षों के दिए जाएंगे जो कि क्षेत्रीय समिति के माध्यम से प्रदेश में पहुंचेंगे कोशिश की जा रही है कि सभी जातियों का सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो सम स्पर्शी सब समावेश भारतीय जनता पार्टी एक कैडर बेस पार्टी है हमारे कैडर का ही परिणाम है कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम का ही परिणाम है

कि हम हरियाणा जीते हम महाराष्ट्र जीते और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर जीते, हमारे विपक्षी दल तरह-तरह की बातें करते नजर आए, हम कार्यकर्ताओं के बल पर ही लगातार संगठन को आगे बढ़ा रहे हैं, आने वाले समय में हमारा यह संगठन गांव गांव हर बूथ पर जीते इसी दिशा में कार्यवाही हो रही है।

# मोदी योगी के नेतृत्व चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं - राजकुमार भुर्जी

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**




बुलंदशहर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है देश में विकास की गंगा बह रही है उक्त विचार अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कस्बा सिकंद्राबाद में आयोजित मासिक बैठक में व्यक्त किए उन्होंने कहा समाज के दबे कुचले पिछड़े अति पिछड़े वर्गों की आवाज को हमारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री अनुप्रिया पटेल तथा उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल मजबूती से उठा रहे है हमारी पार्टी का जातिगत जनगणना पर स्पष्ट मत है देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया और बूथ स्तर तक पार्टी संगठन बनाने के लिए निर्देशित किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी तथा संचालन जिला महासचिव अब्दुल खालिक अंसारी ने किया इस मौके पर एडवोकेट आरिफ अंसारी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी का दामन थामा जिला अध्यक्ष ने माला पहनकर सभी का पार्टी में स्वागत किया। बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी, जिला महासचिव अब्दुल खालिक अंसारी, जिला उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सैन, हाजी सबील अंसारी, विधान सभा अध्यक्ष खुर्जा डा राम सिंह, आरिफ सैफी विधान सभा अध्यक्ष सदर,भगवत जाटव,एडवोकेट आरिफ अंसारी,अबुजर,अदनान,संजय कुमार, आरफीन,राजेंद्र बाल्मीकि,शमीम,डा आरिफ ,नदीम,संजय रस्तोगी,नबील,जगवीर सिंह,रामशरण,चौधरी कुशल गुर्जर,आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिल, अवैध असलहा, कारतूस बरामद



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 10.12.2024 की रात्रि में थाना छतारी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर 02 शातिर वाहन चोरो को चोरी की 02 मोटरसाइकिल, अवैध असलहा, कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना छतारी पर मुअसं- 457/24 धारा 317(2)/317(5) बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-1. सलमान पुत्र अफसर निवासी 24 फुटा रोड़ मौलाना आजाद नगर थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़। 2. मुशर्रफ पुत्र मुविन अहमद निवासी शहनशाहबाद थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़।

# ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत 04 गुमशुदा बच्चो को सकुशल परिजनों के किया सुपुर्द



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । दिनांक 09.12.2024 की रात्रि में थाना छतारी पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना छतारी क्षेत्रान्तर्गत एक गांव के 04 बच्चे जो कक्षा 10 के छात्र है, घर से बिना बताये कही चले गये है। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रहे हैं। इस सूचना पर थाना छतारी पुलिस द्वारा अथक परिश्रम करते हुए जनपद में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर महोदय के नेतृत्व मे चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत दिनांक 10/11.12.2024 की रात्रि में गुम हुए चारो बच्चों को वृन्दावन जनपद मथुरा से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बच्चों को उसके परिजन को सुपुर्द करने पर परिजन व जनता के लोगो द्वारा थाना छतारी पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है। पुलिस टीम-1-श्री संदीप कुमार थाना प्रभारी छतारी 2-व0उ0नि0 श्री तारा सिंह, उ0नि0 राम कुमार राम 3-है0का0 अरुण कुमार, का0 गगन कुमार

# चार साल की बच्ची से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म,गिरफ्तार



बदायूं ।उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के थाना इस्लामनगर क्षेत्र में घर के बाहर खेल रही चार साल की बच्ची के साथ पड़ोसी ने कथित रूप से दुष्कर्म किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस्लामनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि बच्ची के पिता की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार मंगलवार शाम लगभग सात बजे बच्ची अन्य बच्चों के साथ घर के दरवाजे पर खेल रही थी लेकिन आधे घंटे बाद बच्ची वहां नहीं थी तो उन्हें लगा की बच्ची पड़ोस में किसी के घर चली गई होगी। पुलिस के मुताबिक बच्ची के पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि एक घंटे बाद पड़ोस में रहने वाला पवन कश्यप (33) बच्ची को घर के करीब छोड़कर भाग रहा था,बच्ची की दादी ने यह देखकर पवन को आवाज लगाई किंतु वह नहीं रुका। पुलिस ने बताया कि बच्ची रो रही थी और उसने अपनी मां को आपबीती बताई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया और आरोपी पवन कश्यप के खिलाफ मामला दर्ज किया । इस्लामनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पवन कश्यप को आज गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

# हास्य कलाकार सुनील पाल कथित अपहरण मामले में दो लोग हिरासत में, पत्नी थाने पहुंचीं

मेरठ । हास्य कलाकार सुनील पाल के कथित अपहरण और जबरन वसूली के मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। इस बीच, पाल की पत्नी सरिता बुधवार सुबह तीन वकीलों के साथ मेरठ के लाल कुर्ती थाने पहुंचीं और दावा किया कि उनके पति की वायरल ऑडियो क्लिप से छेड़छाड़ हुई है। पाल ने पिछले सप्ताह दावा किया था कि वह एक कार्यक्रम के लिए उत्तराखंड गए थे तभी उनका अपहरण कर लिया गया था। उन्होंने कहा था कि अपहरणकर्ताओं ने फिरौती के तौर पर 20 लाख रुपये मांगे थे, लेकिन उन्हें आठ लाख रुपये लेकर छोड़ दिया गया। पाल ने दावा किया था कि उन्हें मेरठ में एक सड़क के किनारे छोड़ा गया, जहां से वह दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचे और मुंबई के लिए रवाना हुए। मुंबई के सांताक्रूज थाने की पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर अपहरण और जबरन वसूली का मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में इसे उत्तर प्रदेश के मेरठ में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने बुधवार को बताया, हास्य कलाकार सुनील पाल के अपहरण का मामला मुंबई से मेरठ स्थानांतरित कर दिया गया है। मामला शुरू में मुंबई में दर्ज किया गया था, लेकिन अब मेरठ पुलिस भी मामले की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि दो संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस आनलाइन मिली एक कथित ऑडियो क्लिप की भी जांच कर रही है जिसमें कथित तौर पर पाल एक अज्ञात व्यक्ति से अपने अपहरण की योजना और मीडिया में इस प्रकरण की चर्चा के बारे में बात कर रहे हैं। इस बीच, पाल की पत्नी सरिता बुधवार सुबह तीन वकीलों के साथ मेरठ के लाल कुर्ती थाने पहुंचीं और दावा किया कि उनके पति की वायरल ऑडियो क्लिप से छेड़छाड़ हुई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ऑडियो अधूरा है, इसकी काट-छांट की गयी है। ऑडियो रिकॉर्ड करने से पहले सुनील को धमकाया गया था। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। फिरौती के बारे में सरिता ने कहा, शुरू में 20 लाख रुपए मांगे गए थे, लेकिन हमने उन्हें आठ लाख रुपए दे दिए। बाद में सुनील ने मदद के लिए कुछ दोस्तों को फोन किया था।

उन्होंने कहा कि पाल फिलहाल घर पर हैं, लेकिन उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए वह खुद पुलिस अधिकारियों से मिलने मेरठ आई हैं। बॉलीवुड अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण मामले से जुड़े सवाल पर सरिता ने कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। 'वेलकम', 'स्त्री 2' और 'गदर 2' में भूमिकाएं निभा चुके मुश्ताक खान ने पिछले महीने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खुद के अपहरण और जबरन वसूली का आरोप लगाया था। उस मामले में मंगलवार को बिजनौर जिले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उत्तर प्रदेश के बलिया में तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

बलिया । उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के मिश्रौली गांव में बुधवार दोपहर एक आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई करने आए पांच वर्षीय बच्चे की केंद्र के पास स्थित तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अंशुमान गुप्ता बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने आया और एक घंटे बाद साढ़े दस बजे बच्चों के साथ केंद्र के पीछे स्थित एक तालाब पर गया और डूब गया। बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे, जिसके बाद आनन-फानन में बच्चे को सियर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि आरोप है कि शिक्षकों की लापरवाही से यह घटना हुई है, पुलिस मामले की



जांच कर रही है।

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा चलाए जा रहे 16 दिवसीय अभियान



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा चलाए जा रहे 16 दिवसीय अभियान के तहत आज़ जिला कचहरी में अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने वकीलों से मुलाकात कर न्यायपालिका के निचले स्तर पर गिरते चर्चा की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो जजों के विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने को न्यायपालिका के निचले स्तर पर गिरते जाने का नया कीर्तिमान बताया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा इन दोनों जजों के खिलाफ़ अब तक कार्यवाई न करने पर भी आश्चर्य व्यक्त किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर बयान में कहा कि जस्टिस शेखर कुमार यादव और जस्टिस दिनेश पाठक किसी गैर सरकारी और गैर विभागीय मंच पर कैसे जा सकते हैं। यह जजों के कोड ऑफ़ कंडक्ट के खिलाफ़ है। जिसपर सुप्रीम कोर्ट को ख़ुद संज्ञान लेकर इन दोनों जजों को पद से हटा देना मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी है जिसको निभा पाने में वो असफल दिख रहे हैं। मुनीर अकबर ने कहा कि अपने अपने संबोधन में जस्टिस शेखर यादव का यह कहना कि भारत अपने बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार चलेगा, बताता है कि जस्टिस यादव संविधान तक को नहीं मानते जो भारत को बहुसंख्यकवादी राज्य नहीं बल्कि सेकुलर और लोकतांत्रिक राज्य मानता है। जिसके अनुसार देश को संविधान के हिसाब से चलना है। उन्होंने कहा कि अगर जस्टिस शेखर यादव संविधान को नहीं मानते तो वो संविधान की अभिरक्षा के लिए बने न्यायपालिका के सदस्य कैसे रह सकते हैं? उन्होंने कहा कि यह वही जज हैं जिन्होंने गाय को राष्ट्रीय पशु बनाए जाने संबंधी बयान देते हुए कहा था कि गाय एकमात्र ऐसी जानवर है जो ऑक्सीजन लेती और छोड़ती है। ऐसी अवैज्ञानिक बात करना संविधान के आर्टिकल 51-ए(एच) के खिलाफ़ है जो वैज्ञानिक चिंतन के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी हर नागरिक को देता है। मुनीर अकबर ने कहा कि इन दोनों जजों के पूर्व के फैसलों की समीक्षा सुप्रीम कोर्ट को करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो जजों के विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने को न्यायपालिका के निचले स्तर पर गिरते जाने का नया कीर्तिमान बताया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा इन दोनों जजों के खिलाफ़ अब तक कार्यवाई न करने पर भी आश्चर्य व्यक्त किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर बयान में कहा कि जस्टिस शेखर कुमार यादव और जस्टिस दिनेश पाठक किसी गैर सरकारी और गैर विभागीय मंच पर कैसे जा सकते हैं। यह जजों के कोड ऑफ़ कंडक्ट के खिलाफ़ है। जिसपर सुप्रीम कोर्ट को ख़ुद संज्ञान लेकर इन दोनों जजों को पद से हटा देना मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी है जिसको निभा पाने में वो असफल दिख रहे हैं। मुनीर अकबर ने कहा कि अपने अपने संबोधन में जस्टिस शेखर यादव का यह कहना कि भारत अपने बहुसंख्यकों की इच्छा के अनुसार चलेगा, बताता है कि जस्टिस यादव संविधान तक को नहीं मानते जो भारत को बहुसंख्यकवादी राज्य नहीं बल्कि सेकुलर और लोकतांत्रिक राज्य मानता है। जिसके अनुसार देश को संविधान के हिसाब से चलना है। उन्होंने कहा कि अगर जस्टिस शेखर यादव संविधान को नहीं मानते तो वो संविधान की अभिरक्षा के लिए बने न्यायपालिका के सदस्य कैसे रह सकते हैं? उन्होंने कहा कि यह वही जज हैं जिन्होंने गाय को राष्ट्रीय पशु बनाए जाने संबंधी बयान देते हुए कहा था कि गाय एकमात्र ऐसी जानवर है जो ऑक्सीजन लेती और छोड़ती है। ऐसी अवैज्ञानिक बात करना संविधान के आर्टिकल 51-ए(एच) के खिलाफ़ है जो वैज्ञानिक चिंतन के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी हर नागरिक को देता है। मुनीर अकबर ने कहा कि इन दोनों जजों के पूर्व के फैसलों की समीक्षा सुप्रीम कोर्ट को करनी चाहिए। आज कचहरी में आदेश देव शर्मा एडवोकेट, मनीष चतुर्वेदी एडवोकेट, पुष्पेंद्र सिंह एडवोकेट, तरुण गिरी एडवोकेट, प्रताप सिंह अम्बा एडवोकेट, श्रीमती सिमा साईं एडवोकेट से मुलाकात की

# गऊग्रास संग्रह वाहन का लोकार्पण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। जहाँगीराबाद नगर में समाजसेवा के कार्य कर रही नर-नारायण सेवा संस्थान ने एक और गऊ ग्रास संग्रह वाहन का लोकार्पण किया है। बुधवार को नगर के मौहल्ला गुसाइयान स्थित डॉ पी.डी. अग्रवाल चौक में सीएनजी चलित नये गऊ ग्रास संग्रह वाहन का लोकार्पण नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र अग्रवाल, डॉ. देवेंद्र कुमार गर्ग डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. अशोक गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मौजूद सभी चिकित्सकों ने संस्था द्वारा समाजहित के लिए किए जा रहे सभी कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर संस्था के सचिव राजीव अग्रवाल सहित तमाम पदाधिकारी, सदस्य व दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# आजमगढ़ में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, 22 घायल

आजमगढ़ ।आजमगढ़-आंबेडकर नगर सीमा के निकट एक कस्बे में बुधवार तड़के सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई और 22 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर कंधरापुर कस्बे के पास उस समय हुई जब वे गुरु गोविंद साहिब मेले से लौट रहे थे। पुलिस अधीक्षक (नगर) शैलेन्द्र लाल ने बताया, ''मऊ जिले के सरायलखंसी क्षेत्र के करीब 24 लोग एक वैन में सवार होकर जा रहे थे तभी वैन की टक्कर गन्ने से लदी एक ट्रॉली से हो गई। इस दुर्घटना में बच्ची देवी नामक महिला की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए।''उन्होंने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस




और स्वास्थ्य विभाग की टीम सतर्क हैं और मुख्य चिकित्साधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल में मौजूद हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे पर शोक व्यक्त किया और अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित उपचार के भी निर्देश दिए हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# जिला पंचायत सभागार में द साबरमती रिपोर्ट का किया प्रसारण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर की अध्यक्षता में जिला पंचायत हापुड सभागार में द साबरमती रिपोर्ट का प्रसारण कराया गया जिसमें समस्त जिला पंचायत स्टाफ सदस्य जिला पंचायत राशिद अली, सतीश प्रमुख, सुभाष प्रधान, हरिओम, देवेंद्र प्रधान, सतवीर नेता,आयुष ठाकुर, सुन्दर नेता, अरुण चौधरी, जितेंद्र राणा, विनोद प्रधान, कोटा आरिफ प्रधान, ललित नागर, रोहन नागर, सागर हूण आदि क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने जनसुनवाई के उपरान्त किया कलेक्ट्रेट प्रांगण का औचक निरीक्षण

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



गाजियाबाद। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रतिदिन की तरह प्रातः 10.00 बजे से अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने के तक जनसुनवाई की। इस दौरान जीडीए, विकास भवन, पुलिस विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों की शिकायतें सहित अन्य निवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा शिकायतकर्ताओं, आवेदनकर्ताओं की अपीलों को गम्भीरता से सुना व समझा गया। इसके उपरान्त उनकी शिकायतों और आवेदनों पर विचार करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता से समयांतराल में निस्तारण किया जाये। जनसुनवाई के पश्चात जिलाधिकारी महोदय द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने कार्यालयों, गोदामों और खाली पड़े स्थानों सहित अन्य जगहों का निरीक्षण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की उक्त जगहों पर बेकार पड़े व निष्प्रोज्य सामान को नियमानुसार हटाया जाएं। हर जगह साफ—सफाई की जाये। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएं, जहां स्वच्छता होगी वहां एक स्वस्थ सुविचार का उद्भव होगा। प्रांगण में जहां—जहां ग्रीन बैल्ट है वहां पौधों पर विशेष ध्यान दिया और अधिक पौधे लगाएं जाऐं। जरूरी नहीं है कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान ही वृक्षारोपण किया जाएं, वृक्ष हमारे लिए कितने आवश्यक है यह हम सभी जानते हैं इसलिए कभी भी मौके मिलें तो वृक्ष जरूर लगाने चाहिए। उन्हें लगाने के उपरांत उनकी देख—रेख करना भी जरूरी है। हमें अपने आस—पास के प्रवेश को सदैव स्वच्छ रखना चाहिए। इस दौरान श्री अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, श्री रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सिल्वर जोन ओलंपियाड परीक्षा का हुआ आयोजन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। जनपद हापुड़ में शाहपुर रोड देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेश्वर में सिल्वर जोन ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के 230 छात्र, छात्रों अपनी प्रतिभा देखने के लिए प्रतिभाग किया, 11 दिसंबर 2024 को सिल्वर जोन ओलंपियाड परीक्षा में गणित विभाग का पेपर कराया गया वहीं प्रबंधक राजेन्द्र सिंह व प्रिंसिपल मंजु चौधरी ने बताया कि बच्चों के चहुमुखी विकास सिल्वर जोन ओलंपियाड परीक्षा से छात्र छात्रों स्व मूल्याकंन हेतु ऐसे परीक्षा होते रहना चाहिए ताकि बच्चों का आगे आने वाली परीक्षा की स्थिति मज़बूत होती रहे, स्कूल प्राइमरी जोन कोर्डिनेटर प्रियांशी चौधरी, ने बताया कि प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को स्कॉलर शिप, कुछ धन राशि और उनकी आगे की शिक्षा में आर्थिक सहायता दी जाएगी, बाकी उत्तीर्ण बच्चे को भी पुरस्कृत किया जाएगा इस मौके प्रधानाचार्य युधिष्ठिर यादव स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह जूनियर प्राइम विंग कोऑर्डिनेटर राहुल चौधरी , कोऑर्डिनेटर कविता चौधरी, रेखा तोमर , अलीशा , सोनू चौधरी , एग्जाम सेल इंचार्ज अब्दुल रउफ आदि लोगों ने परीक्षा संपन्न कराई।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का किया गया औचक निरीक्षण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम द्वारा विकासखंड सिंभावली के ग्राम सरूरपुर एवं मुरादपुर में मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यों में गुणवत्ता हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जो भी कार्य कराई जा रहे हैं उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी डॉक्टर हरित कुमार,एवं संबंधित क्षेत्र के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# एकेपी इंटर कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ सम्पन्न

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । आर्य कन्या इंटर कॉलेज प्रांगण में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धेय महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की जयन्ती के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं इस वर्ष के भारतीय भाषा की थीम के अनुरूप 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक मनाएं जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के समापन के अवसर पर छात्राओं ने पारंपरिक पोशाक पहनकर सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अपनी परंम्पराओं का प्रतिनिधित्व किया। सभी छात्राओं ने भारतीय भाषा से सम्बन्धित गीत और नृत्य की प्रस्तुति देकर अपनी संस्कृति को समृद्ध बनाने का सन्देश दिया और उर्दू भाषा की प्रतियोगिता भी कराई गई। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ0स्नेह प्रभा ने भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने वाली सभी शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपनी भाषा एवं संस्कृति पर गर्व करने के लिए कहा साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्चना गौतम ,प्रतिभा शर्मा नाज़नीन ,शिल्पी अग्रवाल ,ईला भारद्वाज ,प्रीति अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।



# मारपीट के बाद गर्भपात कराने का आरोप

गाजियाबाद । लोनी नाईपुरा कॉलोनी निवासी नरगिस ने बताया कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व लोनी की कंचनपार्क कॉलोनी में आसिफ से हुई थी। आरोप है कि कुछ दिन बाद ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। एक दिन पति ने उसे कीटनाशक दवा भी पिला दी। वहीं, सिर पर सरिए से भी वार किया। आरोप है कि उसे कमरे में बंद भी रखा गया और गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात भी करा दिया गया। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है।


# कैबिनेट मंत्री ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया

गाजियाबाद । ट्रांस हिंडन कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने बुधवार को साहिबाबाद गांव और जनकपुरी में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जनकपुरी में करीब 19 लाख रुपये से सीसी रोड और नाली निर्माण का कार्य हुआ। वहीं साहिबाबाद में भी लगभग 25 लाख रुपये से सीसी रोड और नाली बनने से यहां रहने वाले लोगों को बड़ी सहूलियत हुई। लोकार्पण करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार एक साथ मिलकर जनता की भलाई के लिए काम कर रही हैं। पार्षद हिमांशु चौधरी व मनीष त्यागी, लोकेंद्र चौधरी, वेद प्रकाश चौधरी, कुसुम पाल चौधरी, देवेंद्र त्यागी, विनेश कौशिक, दलजीत सिंह व गुंजन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# जनता के हित में बहादुरगढ़ को ब्लॉक व ग्राम नूरपुर को ब्लॉक बनाए जाने की फिर उठी मांग

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । बहादुरगढ़ को ब्लॉक घोषित करने एवं नूरपुर को ब्लॉक बनाने को लेकर समाजसेवी पंकज लोधी ने मुख्यमंत्री को भेजी पत्रावली पत्रावली में अवगत कराया की हापुड़ जिले को बने हुए लगभग 13 वर्षों से भी अधिक हो गए हैं जिले के मानक पूरे करने के लिए शासनादेश के अनुसार 10 ब्लॉकों का होना अनिवार्य है जबकि हापुड़ जिले में अभी मात्र चार ब्लॉक है पत्र में मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जन सहयोग से जनहित पंकज लोधी द्वारा बहादुरगढ़ को ब्लॉक कार्यालय बनाए जाने की मांग कई वर्षों से की जा रही है जिसको मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान लिया गया एवं तत्कालीन जिलाधिकारी अनिल ढींगरा द्वारा बहादुर को ब्लॉक बनाए जाने की संस्तुति प्रस्ताव मय मानचित्र के आयुक्त ग्राभय विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ को उपलब्ध करा दिया गया जिसमें सात न्याय पंचायत हैं 38 ग्राम पंचायत हैं एवं 121 553 के लगभग जनसंख्या का प्रारूप भेजा गया जिसकी जल्द ही ब्लॉक बनाए जाने की घोषणा की चर्चाएं भी जोरों पर रही परंतु राजनीतिक अपेक्षाओं के चलते ब्लॉक की घोषणा नहीं हो पाई समाजसेवी पंकज लोधी ने तत्कालीन विधायक कमल मलिक को दो बार उनके निवास कार्यालय गढ़मुक्तेश्वर में सैकड़ो पेज की पत्रावली के साथ में दिया तीसरी बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मेरठ स्थित रमाला मिल में दिसंबर में 2017 को आने के दौरान तत्कालीन जिलाधिकारी हापुड़ का बहादुर को ब्लॉक बनाए जाने संबंधित संस्तुति प्रस्ताव सैकड़ो पेज की पत्रावली के साथ में पूर्व विधायक को दिया उसके उपरांत वर्तमान विधायक हरेंद्र तेवतिया को चुनाव से पूर्वी ही चुनाव के प्रचार के दौरान गढ़ नगर में बड़े मोहल्ले में प्रथम बार बहादुरगढ़ को ब्लॉक घोषित करने हेतू पत्रावली दी उसके उपरांत सरकार बनने के बाद हापुड़ में मुख्यमंत्री के आने के दौरान गढ़मुक्तेश्वर में दिल्ली रोड रोड पर स्थित भाजपा कार्यालय में सैकड़ो पेज की पत्रावली दूसरी बार पुनः दी गई इसके उपरांत बहादुरगढ़ के सेहल गांव में एक सभा के दौरान तीसरी बार बहादुरगढ़ को ब्लॉक बनाए जाने संबंधित सैकड़ो पेज की पत्रावली वर्तमान विधायक हरेंद्र तेवतिया को पंकज लोधी द्वारा सोपी गई परंतु अभी तक भी बहादुरगढ़ के ब्लॉक बनाने का शासन में प्रस्ताव उपलब्ध होने के उपरांत भी घोषणा नहीं हो पाई जिसको लेकर समाज से भी पंकज लोधी ने मुख्यमंत्री को बहादुरगढ़ को ब्लॉक बनाने की घोषणा एवं हापुड़ जिले के मानक पूरे करने के लिए हापुड़ जिले के ग्राम नूरपुर को जनता के हित में ब्लॉक बनाए जाने की मांग की पत्रावली भेजी।


NATIONAL MANAV ADHIKAR EVOM BHRASHTACHAR NIVARAN SANGH

# वसुंधरा में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, लोग परेशान



गाजियाबाद । ट्रांस हिंडन वसुंधरा में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। इससे आसपास के इलाकों में दुर्गंध फैल रही है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम में कई बार शिकायत की गई है, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दुर्गंध फैलने से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। वसुंधरा के सेक्टर चार, छह, तीन, पांच, चौदह और सोलह में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे आसपास के इलाकों में दुर्गंध फैल रही है और बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। वसुंधरा सेक्टर चार के स्थानीय निवासी सुरेश गोयल ने बताया कि सफाई तो नियमित रूप से की जा रही है, मगर सफाई के बाद कूड़े के ढेर जगह-जगह इकट्ठे कर दिए जाते हैं। उसके बाद दो से तीन दिन के बाद भी कूड़े का उठान नहीं किया जाता है। इससे कूड़ा सड़ने से आसपास के इलाकों में दुर्गंध फैलने लगती है। लोगों का पास से गुजरना मुश्किल हो जाता है। लोगों का आरोप है कि आते-जाते समय मुंह पर कपड़ा रखकर निकलना पड़ता है। नगर निगम में भी शिकायत की गई, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं वसुंधरा सेक्टर तीन निवासी देवांश शर्मा ने बताया कि कूड़ा नहीं उठने के कारण लावारिस पशु कूड़े को इधर-उधर बिखेर देते हैं। इससे हवा चलने पर कूड़ा घरों के अंदर और छतों पर आकर जम जाता है। वसुंधरा जोन के सफाई व खाद्य निरीक्षक अशोक कुमार का कहना है कि नियमित रूप से जोन में सफाई की जा रही है। जहां से शिकायत मिली है, वहां भी सफाई कर्मी भेजकर तुरंत सफाई की जा रही है।

# राज्य महिला आयोग सदस्य ने हिंसा से पीड़ित 18 महिलाओं की सुनी जनसुनवाई

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में बुधवार को मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस सभागार में जनसुनवाई का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद में हिंसा से पीड़ित 18 महिलाओं की जनसुनवाई की गई। जिसमें पारिवारिक विवाद ,दहेज उत्पीड़न, मारपीट संबंधित, महिलाओं के केस आए जिनका राज्य महिला आयोग सदस्य द्वारा संबंधित थानों के प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में जनपद के उच्च अधिकारी अपर जिलाधिकारी,उप जिला अधिकारी,जिला सूचना अधिकारी, क्षेत्राधिकार नगर, महिला थाना प्रभारी, पंचायती राज विभाग ,जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी के साथ समस्त अधिकारी उपस्थित रहे जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में जनसुनवाई का आयोजन किया गया । शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात महिला थाना ,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर पालिका तथा वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक,मनीष,अमित संरक्षण अधिकारी, रविंद्र कुमार विधी सह परिवीक्षा अधिकारी, रोहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# गोपाल सिंह ने अपनी जान देकर बचाई स्कूल बस में सवार 40 छात्रो की जान,परिवार में पसरा मात

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। मामला मंगलवार की सुबह करीब 7.30 बजे का है जहां ब्रह्मा देवी बालिका विद्यालय की बस यूपी 37 टी 9964 के ड्राइवर बच्चों को लेने के लिए सूदना कट के पास गई हुई थी और बच्चों को वापसी में आते हुए बस के ड्राइवर गोपाल सिंह पुत्र रन सिंह निवास गणेशपुरा मेरठ रोड हापुड़ ने अचानक सामने से आ रहे ओवरटेक करते वाहन से बचने के लिए बस व बच्चों को सुरक्षित करते समय बस का संतुलन बिगड़ने पर बस ड्राइवर गोपाल ने अपनी जान की परवाह न करते हुए छात्र बच्चों को सुरक्षित बचा और बस पेड़ से जा टकरा गई जिससे बस ड्राइवर गोपाल के गंभीर चोट आई और रहागीरो व पुलिस की मदद से गोपाल को उपचार के लिए स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने गोपाल की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ मेडिकल में के लिए रेफर कर दिया लेकिन बस ड्राइवर गोपाल को मेरठ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिससे परिवार में मातम पसर गया तो वहीं मेरी जानकारी के अनुसार गोपाल के दो बच्चे है जिसमें एक बेटी उम्र 14 वर्ष नाबालिक ओर एक लड़का 18 साल को छोड़ कर चले गए। जहां बुधवार को बस ड्राइवर गोपाल का गनमीत आंखों अंतिम संस्कार किया गया लेकिन खबर लिखे जाने तक ब्रह्मा देवी बालिका विद्यालय मंदिर की प्रबंधक समिति ने इस घटना पर की प्रतिक्रिया नहीं दी है। देखना अब है कि क्या बस ड्राइवर गोपाल के परिवार को स्कूल व सरकार द्वारा कोई मदद मिलेगी या नहीं।



# सरस्वती शिशु मंदिर में भारतीय भाषा जयंती मनाई गई

गाजियाबाद । नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को भारतीय भाषा जयंती एवं गीता जयंती मनाई गई।इस दौरान कई भाषाओं के विशेषज्ञों को बुलाया गया था। स्कूल के उप प्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा ने सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को श्रीमद्भागवत गीता के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं का पवित्र ग्रंथ वेदों के बाद गीता ही है। इसलिए सभी को गीता के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

कोर्ट में गीता की कसमें तो खाई जाती है लेकिन उसका अनुसरण कम ही लोग करते हैं। इसके बाद छात्रों को भारत की कई भाषा पंजाबी, बंगाली,गुजराती, उड़िया, भोजपुरी आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। कई अभिभावकों ने बच्चों को इन भाषाओं के बारे में परिचय कराया। स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा बाना ने कहा कि भारतीय भाषा और गीता जयंती भारतीय समाज और हिंदू समाज के प्रमुख अंग हैं।

गीता लोगों को प्रतिदिन पढ़ना चाहिए।इस अवसर पर शालिनी यादव, वीरेंद्र रावत, दीप कौर आदि अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# शिविर में 105 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए

गाजियाबाद । प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की अंतर्गत 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों के लिए शिविर लगाया गया। अनाज मंडी में नरेश प्रधान की दुकान पर आयोजित शिविर में कुल 105 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर का आयोजन भाजपा के वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक डॉ ओपी अग्रवाल द्वारा लगाया गया। शिविर में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अशोक गोयल, बृजेश अग्रवाल, अशोक भारतीय, राकेश गुप्ता, डॉ पवन कुमारी, सत्यम मिश्रा, सौरभ, पंकज, कमल आदि लोग मौजूद थे।




# आगामी 21 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय सैनिक संस्था का राष्ट्रीय अधिवेशन - ज्ञानेन्द्र त्यागी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के तत्वाधान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला बिग्रेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि इक्कीस दिसंबर को सहिबाबाद में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल टी0 पी0 त्यागी (वीर चक्र) के नेतृत्व में राष्ट्रीय सैनिक संस्था का 17वां राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह होंगे और पावन चिंतन धारा के संस्थापक डॉक्टर श्री गुरु पवन सिन्हा आन्ध्र प्रदेश सरकार,स्कोडा ग्रुप व लोहिया ग्रुप के सलाहकार राजन छिब्बर,क्लाइड ग्रुप आफ होटल्स के अध्यक्ष विजय कपूर,आर्डनेन्स कॉर्प्स के पूर्व प्रभागीय अधिकारी मेजर जनरल मोहनलाल कपूर और तिरकित थाईलैंड के पूर्व मंत्री पद्मश्री डाक्टर चिरपत जी बतौर विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व शांति केन्द्र व अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक आचार्य डाक्टर लोकेश मुनि जी व संचालन राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय सचिव गौरव सेनानी राजेन्द्र बगासी करेंगें जिला सचिव मुकेश प्रजापति ने बताया कि 20 प्रदेशों से राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पांच सौ से अधिक शीर्ष पदाधिकारी राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने जा रहे हैं जिला मुकेश त्यागी ने कहा कि देश की वर्तमान स्थिति में युवाओं को प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण देने का काम राष्ट्रीय सैनिक संस्था कर रही है पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला बिग्रेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी ने बताया कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था जैसा चौबीस वर्षो पुराना,पंजीकृत,अराजनैतिक,धवल चरित्र और निष्कलंक दूसरा कोई संगठन नहीं है जिसमें पूर्व सैनिक, संत,किसान और देशभक्त शामिल हों महिला ब्रिगेड की जिला अध्यक्ष मोनिका त्यागी ने बताया कि इस अधिवेशन का केन्द्र बिंदु राष्ट्रीय एकीकरण में शहीदों का योगदान होगा युवा कमांड के जिला अध्यक्ष तरुण ध्यानी ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में हापुड़ से 31 पदाधिकारियों का दल सहिबाबाद राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेगा प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला ज्ञानेंद्र त्यागी ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शिरकत कर सकते हैं फिलहाल उनकी स्वीकृति अपेक्षअपेक्षित है बैठक में जिला संरक्षक शशांक मुनि त्यागी,जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार शर्मा,जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा,तहसील अध्यक्ष सतबीर प्रधान,पूर्व जिला सचिव विजय वर्मा जिला कार्यालय अधीक्षक दिपिका त्यागी व राकुमार वर्मा मौजूद रहे

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर बैठक की

गाजियाबाद । मॉडल टाउन ईस्ट स्थित राष्ट्रीय सैनिक संस्था के मुख्यालय पर बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के होने वाले 17वें राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए बैठक में कई पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के गाजियाबाद इकाई के जिला अध्यक्ष गौरव सेनानी ज्ञान सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह की स्वीकृति मिल चुकी है। राष्ट्रीय अधिवेशन 21 दिसंबर को आयोजित होगा, जिसमें 20 प्रदेशों से राष्ट्रीय सैनिक संस्था के 500 से अधिक शीर्ष पदाधिकारी इसमें मौजूद रहेंगे। इस राष्ट्रीय अधिवेशन का मुख्य केंद्र बिंदु राष्ट्रीय एकीकरण में शहीदों का योगदान रहेगा। कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा कि शहीद किसी एक शहर का नहीं बल्कि पूरे देश का होता है। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय सचिव गौरव सेनानी, राजेंद्र बगासी को अधिवेशन के संचालन की जिम्मेदारी दी गई।बैठक में गाजियाबाद इकाई की महिला विंग की जिला अध्यक्ष राज शर्मा, अंजू शर्मा,प्रोफेसर नीलम पवार, गौरव बंसल आदि लोग मौजूद रहे।

# चौथी मंजिल से कूदकर मिजोरम के युवक ने की आत्महत्या



नोएडा । उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्ध नगर जिले के थाना सेक्टर 39 क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाले मिजोरम के एक व्यक्ति ने चौथी मंजिल से कथित तौर पर कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मिजोरम के मारकल जोनी चकमा (34) सलारपुर कॉलोनी में रहते थे, उन्होंने मानसिक तनाव के कारण मंगलवार को अपने घर की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। सिंह ने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान आज सुबह उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर से गायब हुई नाबालिग को बरामद किया

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने केएन काटजू मार्ग से गायब हुई 17 वर्षीय लड़की को पश्चिम बंगाल से बरामद किया है। इसके लिए पुलिस ने पश्चिम बंगाल के सियालदह, हरुआ, बारासात और आसपास के इलाकों के विभिन्न स्थानों पर तीन दिनों तक छापेमारी की। लड़की को देगंगा इलाके से बरामद किया गया है। नाबालिग को आरोपी बहलाफुसला कर अपने साथ ले गया था। क्राइम ब्रांच ने नाबालिग और आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया है।

# ड्रग्स की तस्करी करने वाले दो बदमाश धरे



नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स तस्करी करने वाले अंतरराज्जीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कूरियर कंपनी का उपयोग करता था। मामले में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब 58 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों में बलजीत कुमार और मुनिप महतो शामिल हैं। दोनों आरोपी को रणहौला इलाके से गिरफ्तार किया गया है। मामले में गगन गौरव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# विद्यार्थियों के लिए और विद्यार्थियों के कारण ही है विश्वविद्यालय- प्रो. योगेश सिंह



नई दिल्ली । डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) की नई कार्यकारिणी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर डूसू पदाधिकारियों और डीयू अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए है और विद्यार्थियों के कारण ही है। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों से उम्मीद जताई कि वह विश्वविद्यालय के साथ मिलजुल कर विद्यार्थियों के हित में कार्य करेंगे। कुलपति ने उनसे कहा कि आप विद्यार्थियों की समस्याओं को जानते हैं और विद्यार्थियों की 70-80त्न अपेक्षाएं वाजिब होती हैं। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने डूसू पदाधिकारियों से कहा कि अब हमें डिफ़ेस्मेंट (विरूपण) के लिए उदाहरण बनना है ताकि कोई हमारी दीवारों को गंदा न करे। इसके लिए उन्होंने डूसू से उम्मीद जताई कि सभी मिलकर इस पर काम करेंगे। सभी पदाधिकारियों ने कुलपति को आश्वासन दिया कि वह इस विषय पर गंभीरता से काम करेंगे। इसके साथ ही कुलपति ने कहा कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी इस मुद्दे पर पूरा ध्यान रखा जाएगा। डीयू की दीवारों को गंदा करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। इसके लिए उन्होंने डूसू से सहयोग की अपेक्षा जताई और डूसू पदाधिकारियों ने भी उन्हें आश्वस्त किया कि इस मामले में डूसू पूरी मुस्तैदी से कार्य करेगा। डीयू प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी ने डूसू पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वह अपनी मांगों को शालीन तरीके से उठाएं। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन सकारात्मक रूप से आपके लिए हर समय उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि विरोध जाताना आपका हक है, लेकिन वह शालीनता के दायरे में हो और एसओपी का ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री ने इस संयुक्त बैठक के आयोजन के लिए कुलपति प्रो. योगेश सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप हमारे गुरुजन हैं; हमारा पूर्ण सहयोग प्रशासन के साथ है और आपका भी पूर्ण सहयोग हमें अपेक्षित है। डूसू उपाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कुलपति एवं सम्पूर्ण डीयू प्रशासन से आशीर्वाद की कामना की। सचिव मित्रविन्दा कर्णवाल ने डीयू को अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए आह्वान किया कि हमारी वास्तविक मांगों पर गौर किया जाए। डूसू के संयुक्त सचिव लोकेश चौधरी ने कुलपति को आश्वास्न दिया कि हम आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे और डिफ़ेस्मेंट रोकने में भी अपना पूरा सहयोग देंगे। इस बैठक दौरान दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता और डूसू मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. सत्यपाल सिंह सहित अनेकों अधिकारी उपस्थित रहे।

# सैकड़ों माकपा व जन संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नम: आंखों से अपने प्रिय नेता कॉमरेड के.एम. तिवारी को दी अंतिम विदाई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



नई दिल्ली। कॉमरेड के.एम. तिवारी को श्रद्धांजलि देने के लिए आज सैकड़ों लोग जुटे। कल (10 दिसंबर 2024) गाजियाबाद जिला कार्यालय और आज (11 दिसंबर 2024) सीपीआई(एम) के राज्य कार्यालय, एच.के.एस. सुरजीत भवन, पर लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पोलित ब्यूरो के सदस्य कॉमरेड वृंदा करात, नीलोत्पल बसु, तपन सेन, अशोक धवले और एआईएफबी के कॉमरेड देवराजन ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। केरल राज्य कमेटी की ओर से कॉमरेड के. राधाकृष्णन (सांसद) और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की ओर से कॉमरेड वी. शिवदासन (सांसद) ने पुष्पांजलि अर्पित की। सीटू, एआईडीडब्ल्यूए, एआईकेएस, एआईएडब्ल्यूयू और एआईएलयू जैसे राष्ट्रीय संगठनों के नेतृत्व ने भी श्रद्धांजलि दी। वामपंथी दलों की राज्य कमेटी (सीपीआई, सीपीआई-एमएल, सीजीपीआई, एआईएफबी, आरएसपी) और पार्टी के जन संगठनों (सीटू, जेएमएस, डीवाईएफआई, एसएफआई, एआईएलयू, जन संस्कृति, बांग्ला मंच, जनम) के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। आम नागरिकों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गौतमबुद्धनगर से माकपा, सीटू जनवादी महिला समिति के कार्यकर्ता लता सिंह, आशा, गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामसागर, रामस्वारथ आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सुरजीत भवन नई दिल्ली पहुंचकर अपने प्रिय नेता कामरेड के एम तिवारी को श्रद्धांजलि दी और अंतिम यात्रा में शामिल हुए। सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि के एम तिवारी गाजियाबाद, गौतम बुध नगर के बहुत ही सम्मानित ट्रेड यूनियन नेता रहे हैं। उन्होने गाजियाबाद गौतम बुध नगर दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के मजदूरों के हक अधिकारों के अनेकों संघर्षों का नेतृत्व और मार्गदर्शन दिया था। गाजियाबाद गौतम बुद्ध नगर दिल्ली के मजदूर हमेशा उनके योगदान के लिए श्रेणी रहेंगे। कॉमरेड तिवारी के पार्थिव शरीर को बाल भवन तक मार्च करते हुए ले जाया गया। उसके बाद उन्हें निगम बोध घाट ले जाया गया। इस दौरान लगातार नारे गूंजते रहे - ♅कॉमरेड तिवारी अमर रहे।

# 'लिव इन पार्टनर' के शादी से इनकार करने पर छात्रा ने आत्महत्या की, मामला दर्ज



नोएडा ।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे गौतमबुद्ध नगर जिले के सूरजपुर थाना क्षेत्र में अपने दोस्त के साथ 'लिव इन रिलेशनशिप' में रह रही एक छात्रा के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी युवक को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता के मामा की शिकायत पर इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि दो दिसंबर को पीड़िता ने सूरजपुर स्थित अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूरजपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा बलिया की रहने वाली थी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) नोएडा में बीबीए की पढ़ाई करती थी। अंजलि और आरोपी युवक सतीश सूरजपुर में रहते थे। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस पता चला कि सतीश एक कंपनी में काम करता है। घटना के बाद से आरोपी युवक फरार था, जिसे आज गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार रात को दुर्गा दत्त सिंह ने सूरजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 18 वर्षीय भांजी अंजलि सिंह के साथ 'लिव इन रिलेशनशिप' में रह रहे उसके पार्टनर सतीश उर्फ संतोष ने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर ली। रिपोर्ट के अनुसार, सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि एक दिन अंजलि ने अपनी मां और बहन को फोन करके बताया था कि सतीश अब उससे शादी करना नहीं चाहता। उन्होंने आरोप लगाया कि सतीश द्वारा शादी से मना करने से परेशान अंजलि ने दो दिसंबर को कस्बा सूरजपुर स्थित घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (किसी को आत्महत्या करने के लिए उकसाने, मजबूर करने) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान पुलिस ने फरार आरोपी युवक को बुधवार को सूरजपुर थाना क्षेत्र में कलेक्ट्रेट के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# पांच घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखकर एक महिला से साइबर अपराधियों ने 1.40 लाख रुपये ठगे



नोएडा । नोएडा के सेक्टर 113 थानाक्षेत्र में एक महिला को पांच घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखकर साइबर अपराधियों ने उससे 1.40 लाख रुपये ठग लिये। थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि बीती रात सेक्टर 77 की स्मृति सेमवाल ने शिकायत दर्ज करायी कि आठ दिसंबर को प्रिया शर्मा नाम की एक महिला ने उन्हें फोनकर साइबर अपराध शाखा की अधिकारी होने का दावा किया और कहा कि उनके आधार कार्ड से धनशोधन, मानव तस्करी, मादक पदार्थ की तस्करी जैसी गैरकानूनी गतिविधियां हो रही हैं। थाना प्रभारी के अनुसार प्रिया ने स्मृति की तथाकथित बड़े-बड़े अधिकारियों से बात करवाई तथा उसे काफी डराया-धमकाया। ऐसे में स्मृति डरकर आरोपियों के बताए गए खाते में दो बार में 1,40,000 रूपए भेज दिये। शिकायतकर्ता का दावा है कि उन्हें करीब पांच घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा गया और बाद में उन्हें साइबर ठगी का शिकार हो जाने का अहसास हुआ। तब उन्होंने इस मामले की शिकायत बीती रात को थाने में दर्ज करवाई है। 'डिजिटल अरेस्ट' में ठग खुद को कानून प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताते हैं और मानसिक रूप से दहशत का माहौल बनाकर अपने शिकार से पैसे ऐंठते हैं।

# किसानों को दो महीने में आबादी भूखंड मिलेगा

ग्रेटर नोएडा । ग्रेनो प्राधिकरण ने दस वर्षों से आबादी भूखंड की राह देख रहे किसानों की पात्रता सूची तैयार करने के काम में जुट गया है। दो महीने में इनकी पात्रता का निर्धारित करते हुए आबादी भूखंड का आवंटन करने की योजना है। प्राधिकरण ने आबादी भूखंड के लिए जमीन की तलाश कर ली है। वहीं, जिन सात गांवों में किसानों की पात्रता का निर्धारण कर लिया हैं, उन 635 किसानों को भूखंड का आवंटन कर दिया गया है। प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि विकास परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण के एवज में किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड देने का प्रावधान है। भूखंड पर किसान मकान बनाने के साथ 50 फीसदी हिस्से पर व्यावसायिक गतिविधि भी कर सकते हैं। वर्षों पहले जमीन अधिग्रहण करने के बाद भी प्राधिकरण ने चार हजार से अधिक किसानों की पात्रता सूची तैयार नहीं की है। ऐसे में किसान आबादी भूखंड के लिए भटक रहे हैं। इनकी पात्रता सूची तैयार की गई थी, उनको भी समय पर भूखंड नहीं मिल पाया। जमीन की उपलब्धता न होने की वजह से प्राधिकरण ने लगभग चार साल पहले पात्रता सूची पर रोक लगा दी थी। इसको लेकर किसान आए दिन प्रदर्शन करते रहते हैं। किसानों की परेशानी को देखते हुए प्राधिकरण ने अब पात्रता सूची तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। सीईओ के निर्देश पर ग्रामवार तैयार की जा रही पात्रता सूची से 4000 से अधिक किसान लाभांवित होंगे। प्राधिकरण ने भूखंड आवंटन के लिए करीब 78 एकड़ भूमि का लैंडबैंक तैयार किया है। वहीं, लीजबैक का झंझट खत्म करने के लिए प्राधिकरण ने दस गांवों का सर्वेक्षण शुरू कराया हैं। यहां गांव की पेरीफेरी के आधार पर ही लीजबैक के मामलों का निस्तारण होगा। 533 किसानों को 64.7 प्रतिशत मुआवजा मिलेगा ⁼ प्राधिकरण क्षेत्र में जो किसान 64.7 प्रतिशत मुआवजा न मिलने से परेशान है, उसकी समस्या को भी जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। प्राधिकरण ने 64.7 प्रतिशत मुआवजे से वंचित 533 किसानों के लिए 50 करोड़ का फंड जिला प्रशासन को जारी कर दिया है। अब जल्द ही इन सभी किसानों को मुआवजे का वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

# दिल्ली से चला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जेल में बंद किसानों से नहीं मिला, डीएम से वार्ता कर वापस लौटा



नोएडा । किसान आंदोलन के दौरान किसानों को गिरफ्तार कर लुक्सर जेल भेजे जाने पर कांग्रेस ने कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए उनकी बिना शर्त तुरंत रिहाई की मांग की है। आज कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद राहुल गांधी के निर्देश पर दिल्ली से चलकर लुक्सर जेल में बंद किसानों से मुलाकात करने जा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने उन्हें परी चौक के पास रोक लिया। इससे प्रतिनिधिमंडल में शामिल सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद, प्रयागराज से सांसद उज्जवल रमण सिंह, बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया, जिलाध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला, महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव, किसान कांग्रेस जिला चेयरमैन गौतम अवाना, पूनम पंडित, दिनेश अवाना, अजय चौधरी सहित अन्य नेता आक्रोशित हो गए। लोकहित में प्रशासन के मान मनौव्वल के पश्चात सांसदों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां प्रतिनिधिमंडल के साथ डीएम मनीष कुमार वर्मा ने वार्ता की। वार्ता के दौरान सांसद इमरान मसूद ने डीएम से कहा कि किसानों का शोषण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जेल में बंद किसानों की बिना शर्त तुरंत रिहाई होनी चाहिए। किसान आन्दोलनकारियों के परिवारों को प्रताड़ित करने का प्रयास किया जा रहा है इसका हम घोर विरोध करते हैं। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि मुख्य सचिव स्तर से वार्ता करके आपको किसानों का उत्पीड़न रुकवाना चाहिए व जो भी किसानों की मांगे हैं उन्हें पूरा किया जाना चाहिए। सांसद तनुज पूनिया ने कहा कि लगभग 15 वर्षों से किसान लगातार आंदोलनरत है। सरकार हठधर्मिता छोड़कर किसानों के साथ उचित मंच पर सुलह का रास्ता बनाना चाहिए।

# भाजपा दिल्ली में बहुमत से सरकार बनाएगी - श्याम सुन्दर अग्रवाल



नई दिल्ली । शास्त्री पार्क मंडल के जी ब्लॉक न्यू सीलमपुर में मंडल अध्यक्ष पूजा शर्मा की अध्यक्षता में जनसंवाद नुक्कड़ का आयोजन किया जिसमें मुख्य वक्ता पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल का स्वागत मंडल अध्यक्ष पूजा शर्मा महामंत्री रविंद्र कुमार बाबू भाई, पवन नागयान ने पटका एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार एकदम विफल हो चुकी है दिल्ली गड्ढों की राजधानी बन चुकी है, दिल्ली के हॉस्पिटलों में दवाइयां गायब है, कोई भी जांच करवानी हो तो एक-एक साल बाद की तारीख मिलती है दिल्ली सरकर में बुजुर्गों के लिए आयुष्मान योजना लागू नहीं होने दी जा रही। दिल्ली की हालत बदहाल है दिल्ली की जनता केजरीवाल की असलियत जन चुकी है आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा मोदी सरकार के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ऊंचाइयों की और जा रहा है देश का मन सम्मान बढ़ा है देश के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए उन्हें आगे बढ़ाया है। सभा को विधानसभा पूर्व प्रत्याशी आर सी जैन, विनय राणा कोटिक, सत्यदेव चौधरी ने भी संबोधित किया। सभा के अंत में भाजपा निगम प्रत्याशी भरत भदौरिया ने सभी का धन्यवाद किया।

# नोएडा की जेल में बंद किसानों से कल मुलाकात करेगा सपा का 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, सरधना विधायक को नहीं किया शामिल



नोएडा । समाजवादी पार्टी का 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कल लुक्सर जेल में बंद किसानों से मुलाकात करेगा। सपा ने किसानों की गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना करते हुए तुरंत रिहाई की मांग की है। जनपद गौतमबुद्ध नगर में किसान आंदोलन के दौरान धरना-प्रदर्शन कर रहे कई किसानों को पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया। जिसमें कई किसानों की रिहाई भी हो गई है। कुछ बड़े किसान नेता अब भी जेल में बंद है। विभिन्न संगठनों द्वारा उनकी भी रिहाई की मांग बिना शर्त के की जा रही है। इस मामले में 12 दिसंबर को सपा का एक प्रतिनिधिमंडल लुक्सर जेल में बंद किसानों से मुलाकात करेगा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया है। जो कल जेल में बंद किसान नेताओं से मुलाकात कर यथास्थिति के बारे में अखिलेश यादव को जानकारी देने के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत करेगा। प्रतिनिधिमंडल में सांसद नरेश उत्तम पटेल, सांसद हरेंद्र मलिक, सांसद लालजी वर्मा, विधायक कमाल अख्तर, जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, प्रदेश सचिव फकीर चंद्र नागर, प्रदेश सचिव गजराज नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष वीर सिंह यादव, पूर्व लोस प्रत्याशी डा. महेन्द्र नागर, सुनील चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सुनील भाटी, महानगराध्यक्ष डा. आश्रय गुप्ता, इन्दर प्रधान, नरेन्द्र नागर व सुधीर तोमर को शामिल किया गया है। यह प्रतिनिधिमंडल कल सुबह को जेल में बंद किसानों से बातचीत करेगा। वहीं इस प्रतिनिधिमंडल में जिले के साथ ही मेरठ के सरधना विधायक अतुल प्रधान सहित कई नोताओं को शामिल न करना चर्चा का विषय बना हुआ है। विधायक अतुल प्रधान के समर्थकों का कहना है कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण पर किसानों द्वारा किये गए तमाम धरना प्रदर्शनों में वे शामिल होते आये हैं और वे किसानों की समस्याओं से पूरी तरह से परिचित हैं। इसके बावजूद उन्हें सपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं किया गया है।

# संयुक्त टीम ने ईस्ट दिल्ली ज्वेलरी एसोसिएशन का दौरा किया - अशोक सेठ



नई दिल्ली । जीजेईपीसी क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली और एक्जिम बैंक मुंबई की एक संयुक्त टीम ने ईस्ट दिल्ली ज्वेलरी एसोसिएशन का दौरा किया, इसके बाद निर्यात योग्य छोटे आभूषण समूहों के विकास की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का दौरा किया। जीजेईपीसी उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक सेठ ने टीम को अपने शोरूम में आमंत्रित किया और एक्जिम बैंक, मुंबई की मुख्य प्रबंधक जाह्नवी सिंह का स्वागत किया। उनके साथ दिल्ली नॉर्थ ज्वैलर्स एसोसिएशन के महासचिव अशोक सूरी, विशन सोनी, कार्तिक सेठ और कुछ अन्य स्थानीय कारीगर शामिल हुए, जो एक दशक से अधिक समय से आभूषण व्यापार से जुड़े हैं। श्री सेठ और श्री सूरी ने निर्यात योग्य छोटे क्लस्टर के विकास से संबंधित कई प्रश्नों के उत्तर दिए, जो एक्जिम बैंक, मुंबई की टीम द्वारा उठाए गए थे, और स्वर्णकारों और छोटे आभूषण निर्यातकों को कच्चे सोने के छोटे मूल्यवर्ग की आसान उपलब्धता प्रदान करने, महत्वाकांक्षी आभूषण निर्यातकों को धन की उपलब्धता में आसानी, चांदी के आभूषण उत्पादों के निर्यातकों को शुल्क वापसी जैसे सुझाव दिए। श्री सूरी ने इस व्यापार को जारी रखने के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले कुशल कारीगरों के योगदान को उजागर करने और मान्यता देने के लिए एक ऑनलाइन सामान्य पोर्टल का प्रस्ताव रखा। एक्जिम बैंक की टीम ने उनके द्वारा सुझाए गए सभी बिंदुओं को सटीक रूप से दर्ज किया। युवा पीढ़ी के चांदी के आभूषण निर्यातक श्री कार्तिक सेठ ने प्रस्ताव दिया कि सरकार को शुल्क और शुल्क वापसी दरों को तय करते समय ध्यान देना चाहिए और छोटे आभूषण निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के लिए इन्हें उसी तरह संशोधित किया जाना चाहिए। टीम के साथ जीजेईपीसी उत्तर के क्षेत्रीय निदेशक संजीव भाटिया, जीजेईपीसी उत्तर के मुख्य प्रबंधक प्रणबेस हाजरा और जीजेईपीसी अनुसंधान और विकास टीम, मुंबई के वरिष्ठ प्रबंधक कौशल चौहान भी थे।

# केजरीवाल और सिसोदिया के ऊपर लगे दाग कभी साफ नहीं हो सकते- अनुराग ठाकुर



नई दिल्ली । दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां मैदान में उतर चुकी है। इसी क्रम में बीजेपी लगातार अपने कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच पहुंच रही हैं। बीजेपी सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत दिल्ली के नवीन शाहदरा जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा के घर पर और शक्ति प्रमुखों के आवास पर नाम पट्टिका के साथ- साथ पार्टी के झंडे लगाए। इस दौरान कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। अनुराग ठाकुर ने नवीन शाहदरा जिले में दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता अनिल गुप्ता के घर पहुंचकर स्टीकर और झंडा लगाया और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। साथ ही मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा दिया। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैं इतना ही कहूंगा जब अगला चुनाव आम आदमी पार्टी और कांग्रेस हारेगी तो एक बार फिर यह लोग बहाने ढूंढेंगे और हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे। हरियाणा में चुनाव हारे, महाराष्ट्र में चुनाव हारे और जहां-जहां हारे वहां चुनाव हारने का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा है। उन्होंने कहा कि अब जनता इनकी नीतियों और उनके भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। साफ पानी नहीं मिलता, सब तरफ गंदगी है, भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है जो कहते थे कल तक कि हम ईमानदार सरकार बनाएंगे उन्होंने आज भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। जनता आप सरकार से जवाब मांगती है कि आप एमसीडी में आए तो फेल हो गए। दिल्ली सरकार में आए तो फेल हो गए। आप ने केवल अपना घर भरने का काम किया। जिन लोगों के पास कल तक एक स्कूटर तक नहीं था। आज के समय में वे करोड़पति और अरबपति कैसे बन गए सवाल है। आम आदमी पार्टी ने जनता को ठगने का काम किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मनीष सिसोदिया कहीं भी जाएं हार निश्चित है। क्योंकि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने बहुत भ्रष्टाचार किया है। दिल्ली की जनता ने जहां इनको मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बनाया था, वहीं पर इन्होंने शराब घोटाला कर जगह-जगह शराब की दुकान खोल दी। केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के ऊपर वो दाग है जो कभी भी साफ नहीं हो सकता। इन्होंने जहां साफ पानी नहीं दिया वहीं, दिल्ली जेल बोर्ड के अलग से करोड़ों रुपये के घोटाले किए। शराब घोटाला हर जन-जन की जुबान पर है। जिसको शिक्षा का मंत्रालय दिया था वह शराब मंत्री बनकर बैठ गया। अनुराग ठाकुर ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल का उनके कार्पयकाल के पहले दिन से रिकॉर्ड निकालेंगे तो जिस व्यक्ति ने अपनी बेटियों की झूठी कसम खाई कि मैं राजनीति में नहीं आऊंगा। राजनीति में आए तो कहा कि बड़ी गाड़ी, बड़ा बंगला नहीं लूंगा। पंजाब और दिल्ली दोनों की सिक्योरिटी ले ली। शीशमहल ऐसा बनाया कि आप देख लेंगे तो करोड़पति लोगों का मकान उसके आगे छोटा दिखेगा। यहां हाथी के दांत दिखाने और खाने के अलग है। वैसे ही आम आदमी पार्टी के लोगों की है जो बाहर से दिखते थे ईमानदार है, लेकिन कूट-कूट कर उनके अंदर भ्रष्टाचार भरा हुआ है।

# पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली । भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की आज जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पुरानी तस्वीर शेयर की। पीएम मोदी ने तस्वीर के साथ कैप्शन भी लिखा। पीएम मोदी ने कहा, प्रणब मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद किया जा रहा है। प्रणब बाबू एक अद्वितीय सार्वजनिक व्यक्तित्व थे। वह एक महान राजनेता, एक अद्भुत प्रशासक और ज्ञान के भंडार थे। भारत के विकास में उनके योगदान अविस्मरणीय हैं। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आम सहमति बनाने की अद्वितीय क्षमता प्राप्त थी और यह उनके शासन में व्यापक अनुभव तथा भारत की संस्कृति और लोकाचार की गहरी समझ के कारण संभव हो सका। हम अपने राष्ट्र के लिए उनके विजन को साकार करने के लिए काम करते रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद किया। अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। एक उत्कृष्ट राजनेता, प्रणब दा ने राष्ट्रीय प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के राष्ट्रपति के रूप में, उन्होंने सार्वजनिक जीवन में अपने विशाल अनुभव के साथ सर्वोच्च पद को संपन्न किया, और लोगों के कार्यालय के रूप में इसके लिए एक नई भूमिका तैयार की। उनकी स्थायी विरासत हमारे राष्ट्र को हमेशा मार्गदर्शन करेगी। कांग्रेस ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, भारत के पूर्व राष्ट्रपति और दूरदर्शी नेता प्रणब मुखर्जी को हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। भारत के आर्थिक सुधारों के प्रमुख वास्तुकार के रूप में प्रसिद्ध, विभिन्न मंत्री पदों पर उनकी अनुकरणीय सेवा ने राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बता दें कि प्रणब मुखर्जी भारत के 13वें राष्ट्रपति रह चुके हैं। 26 जनवरी 2019 को प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को दी गीता जयंती की बधाई

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लोगों को गीता जयंती की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह दिव्य ग्रंथ भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और परंपरा का मार्गदर्शन करता है। ऐसा माना जाता है भगवान कृष्ण ने महाभारत का युद्ध आरंभ होने के समय अर्जुन को इसी दिन भगवत गीता का उपदेश दिया था। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''समस्त देशवासियों को गीता जयंती की अनेक शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और परंपरा के मार्गदर्शक दिव्य ग्रंथ के उद्गम दिवस के रूप में मनाया जाने वाला यह पावन उत्सव हर किसी को कर्मयोग की राह दिखाए। जय श्री कृष्ण!''प्रधानमंत्री ने भगवद् गीता के महत्व पर प्रकाश डालने वाले अपने पूर्व के भाषणों का एक ऑडियो-विजुअल संकलन भी साझा किया।

# राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, एक मंच पर साथ आए विपक्षी दल

नई दिल्ली । राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर बुधवार को इंडिया ब्लॉक के अधिकांश घटक दल एक साथ दिल्ली में एक मंच पर आए। विपक्ष के करीब 60 सदस्यों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्षी दलों की ओर से बोलते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पूर्व में सभी सभापति नियमों के अनुसार कार्य करते रहे हैं। लेकिन, आज सदन में नियम कम और राजनीति ज्यादा हो रही है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि मैं किसी दल का नहीं हूं। लेकिन, हमें अफसोस है कि आज सभापति के पक्षपाती रवैये के कारण हमें अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा है। खड़गे ने कहा कि सभापति प्रतिपक्ष के नेताओं को विरोधी के तौर पर देखते हैं। वह कभी स्वयं को आरएसएस का एकलव्य बताते हैं तो कभी सरकार की तारीफ करते हैं। राज्यसभा के सभापति नई नियुक्ति पाने के लिए यह सब कर रहे हैं। विपक्ष के सांसदों में वरिष्ठ वकील, लेखक, शिक्षक और विद्वान हैं। लेकिन, सभापति इनसे पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हैं और एक हेडमास्टर जैसा बर्ताव करते हैं। हाउस को बाधित करने का काम सत्ता पक्ष और सभापति द्वारा किया जा रहा है। विपक्ष के सांसद सभापति से सदन में संरक्षण मांगते हैं। लेकिन, सभापति सरकार का पक्ष लेते हैं। पहली बार ऐसे उपराष्ट्रपति हैं, जो विपक्ष की सरेआम निंदा करते हैं। सभापति को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। लेकिन, वह ऐसा नहीं करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्यसभा के सभापति सत्ता पक्ष के लोगों को विपक्ष के खिलाफ बोलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जब हमने नियम-267 के तहत बोलने की अनुमति मांगी तो उन्होंने हमें नहीं बोलने दिया। जब सत्ता पक्ष के लोगों ने नियम-267 के तहत बोलने की अनुमति मांगी तो उनके सदस्यों को बोलने का मौका दिया गया। अविश्वास प्रस्ताव हमारा व्यक्तिगत मसला नहीं, बल्कि, देश के संविधान और संसदीय लोकतंत्र को बचाने का प्रयास है। हमने देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए मजबूरी में यह कदम उठाया है। डीएमके के राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष और नेता सदन महत्वपूर्ण होते हैं। लेकिन, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने का मौका नहीं मिल रहा है। सदन में केवल सत्ता पक्ष को दिखाया जाता है। सोनिया गांधी वरिष्ठ नेता हैं। उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। सदन में सत्ताधारी पक्ष को विपक्ष की आवाज सुननी चाहिए। लेकिन, ऐसा बिल्कुल नहीं हो रहा है। विपक्ष को बोलने का मौका ही नहीं मिल रहा, इसलिए विपक्ष ने सभापति की पक्षपातपूर्ण कार्यवाही के खिलाफ प्रस्ताव लाया है। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि राज्यसभा में सभापति ने विपक्ष को पूरी तरह से नकार दिया है। हम देश के दूसरे सबसे बड़े पद पर आसीन व्यक्ति के खिलाफ यह प्रस्ताव बहुत दुखी होकर ला रहे हैं। विपक्ष के सांसद जो बोलते हैं, अक्सर उसे संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया जाता है। राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा का कहना था कि यह पूरी कोशिश किसी एक व्यक्ति के विरोध में नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था को बदलने के लिए है। हमें मणिपुर या फिर संभल जैसे मुद्दों पर बोलने का मौका नहीं मिलता। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि राज्यसभा के सभापति सदन नहीं चलाते हैं। वह सर्कस चला रहे हैं। यह व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। यह संसद को बचाने की लड़ाई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सरफराज अहमद ने कहा कि हमने कभी ऐसा सभापति नहीं देखा। शरद पवार की एनसीपी की राज्यसभा सदस्य फौजिया खान ने कहा कि सत्ता पक्ष चाहे कितना भी हमारे खिलाफ बोले, उन्हें इसकी इजाजत दी जाती है। लेकिन, विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता। इसी कारण हम यह नोटिस देने पर मजबूर हुए हैं। इस दौरान आम आदमी पार्टी का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। विपक्ष के नेताओं का कहना था कि आम आदमी पार्टी के सांसदों को चुनाव आयोग जाना था, इसलिए इस कार्यक्रम में नहीं आ सके। लेकिन, उनके पांच सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं।

# रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृंदावन में विवेकानंद मंडपम का हुआ लोकार्पण

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन। मथुरा रोड़ स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में श्रीराम कृष्ण मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में हॉस्पिटल के मुख्य द्वारा पर बने नवीन विवेकानंद मंडपम का उद्घाटन किया गया।मंडप का उद्घाटन स्वामी बोधसारानंद महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन करके किया।तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद महाराज को पुष्पांजलि अर्पित करके उनकी आरती की गई।






स्वामी बोधसारानंद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद की मूर्ति कोई सामान्य मूर्ति नहीं है, यह चिन्मयी मूर्ति है। नर सेवा ही नारायण सेवा है इसके प्रेरणा स्रोत बनकर आज हमारे बीच कार्य कर रहे हैं। आज उनकी मूर्तियां देश-विदेश में पूजी जा रही हैं। स्वामीजी की यह मूर्ति 12 जनवरी 2008 को रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के तात्कालीन संघ-अध्यक्ष श्रीमद् स्वामी आत्मस्थानंद महाराज के कर कमलों से हुआ था।आज उसी मूर्ति को धूप, वर्षा आदि से बचाने के लिए मंडप बनवाया गया है।जिसके पास में फव्वारे लगाए गए हैं तथा निकटवर्ती बगीचे को भी सुंदर ढंग से विकसित किया गया है। अब लोग 24 घंटे स्वामीजी का दर्शन कर सकेंगे। इस अवसर पर मंडप के निर्माण कार्य करने वाले राजवीर, सचिन तथा पवन को स्मृति-चिन्ह, अंगवस्त्र आदि प्रदान करके सम्मानित किया गया। उदघाटन समारोह में आश्रम के सचिव स्वामी सुप्रकाशानंद महाराज, स्वामी कालीकृष्णानंद महाराज, स्वामी ओजोमायानंद महाराज आदि के अलावा मठ के साधु-ब्रह्मचारी, डॉक्टर, नर्स तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।समारोह का समापन स्वामीजी को पुष्पांजलि अर्पित की तथा प्रसाद ग्रहण के साथ हुआ।

# झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण में कई अहम घोषणाएं, महिलाओं को नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण का वादा

रांची । झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को झारखंड की छठी विधानसभा के पहले विशेष सत्र में अभिभाषण करते हुए सरकार की ओर से ओर कई अहम घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। राज्यपाल ने राज्य के आदिवासियों-मूलवासियों के लिए स्थानीय नीति बनाकर उन्हें तृतीय और चतुर्थ वर्ग की सरकारी नौकरियों में शत-प्रतिशत आरक्षण देने का संकल्प व्यक्त किया। राज्यपाल ने राज्य की सरकार का रोडमैप और विकास की परिकल्पना सदन में प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि केंद्र और उसकी कंपनियों के पास राज्य के 1.36 लाख करोड़ रुपए बकाया हैं। इस राशि को वापस लेने के लिए राज्य की सरकार कानूनी उपाय करेगी। झारखंड की हो, मुंडारी, कुड़ुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करने, सभी किसानों को ब्याजमुक्त ऋण देने, सरना आदिवासी धर्म कोड को लागू करने, बच्चों को केजी से पीजी तक निश्शुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था जैसी घोषणाएं भी अभिभाषण में की गई हैं। अभिभाषण की शुरुआत करते हुए राज्यपाल ने छठी विधानसभा के सभी निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी और जताई कि राज्य के सभी नवनिर्वाचित विधायक सुखी, समृद्ध एवं उन्नत झारखंड के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि षष्ठम विधानसभा के लिए शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में एक मजबूत एवं स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है। हम इसके लिए राज्य की जनता को साधुवाद देते हैं और जनादेश का सम्मान करते हुए जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लेते हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर और आगे बढ़ेगी। सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने कहा कि पंचम विधानसभा में सरकार ने आदिवासियों को 28 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत और अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत आरक्षण देने के अलावा सरना आदिवासी धर्मकोड का प्रस्ताव पारित कराकर भेजा है, जो अभी केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास लंबित हैं। हमारी सरकार केंद्र से इन प्रस्तावों को जल्द मंजूरी दिलाने का प्रयास करेगी। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में ऐलान किया कि सहारा इंडिया से पीड़ित निवेशकों की लड़ाई झारखंड सरकार लड़ेगी।



उन्होंने कहा कि निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक और सड़क से लेकर संसद तक हर मोर्चे पर यह लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ी जाएगी। जब तक सभी निवेशकों को उनका पैसा नहीं मिल जाएगा, सरकार उनकी लड़ाई लड़ती रहेगी. उन्होंने कहा कि सहारा में निवेश करने वाले वैसे निवेशकों, जिनका निधन हो गया या विपरीत परिस्थितियों में आकर आत्महत्या कर ली, उनके परिजनों की सरकार मदद करेगी। उन्होंने खासमहल एवं जमाबंदी की जमीनों पर रह रहे परिवारों को मान-सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ-साथ गैरमजरुआ जमीन पर बसे रैयतों की भूमि का रसीद फिर से काटने की शुरुआत करने की भी घोषणा की। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों को केंद्र की ओर से बहुत कम पारिश्रमिक दिया जाता है। उनकी सरकार अपनी तरफ से मनरेगा मजदूरों के लिए पैसे की व्यवस्था करेगी, ताकि उन्हें न्यूनतम 350 रुपए मजदूरी मिल सके. नदियों एवं डैम के पानी के सदुपयोग के लिए 10 हजार करोड़ की योजनाएं झारखंड में शुरू की जाएंगी। राज्यपाल ने कहा कि आने वाले वर्षों में झारखंड में 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। इन स्कूलों में स्वास्थ्य और संगीत के शिक्षकों की नियुक्ति होगी। राज्यपाल ने कहा कि 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय भी खोले जाएंगे। इतना ही नहीं, हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना होगी। अनुमंडल स्तर पर पॉलिटेक्निक खोले जाएंगे। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर लाइब्रेरी की भी स्थापना का ऐलान राज्यपाल ने किया।

# रेल संचालन को और सरल बनाने वाला 'रेल संशोधन विधेयक' लोकसभा में पारित

नई दिल्ली । लोकसभा ने रेलवे के संचालन को ज्यादा सरल और सुविधाजनक बनाने तथा स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को ज्यादा शक्ति देने के वास्ते दो पुराने कानूनों को जोड़कर बनाया गया 'रेल संशोधन विधेयक -2024' बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सदस्यों ने कई अच्छे सुझाव दिए हैं। विधेयक की आवश्यकता संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि विधेयक को सरल बनाने की जरूरत थी और इसमें 1905 तथा 1989 के संशोधन को मिलाकर कानून को सरल बनाया गया है। रेलवे का बहुत विकेंद्रीकरण हुआ है और उसका देश को बड़ा लाभ हुआ है क्योंकि अधिकारियों को लोगों की जरूरत के अनुसार काम करने का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के दौरान रेलवे में स्वच्छता के स्तर पर बहुत बदलाव आया है। इन दौरान करीब तीन लाख दस हजार नये टॉयलेट बनाए गये हैं और स्वदेशी तकनीकी से वंदेभारत रेल शुरु की गई और इसकी वजह से इसकी चर्चा पूरी दुनिया में है। छोटी दूरी दो से ढाई सौ किलोमीटर की दूरी पर नमो भारत रेल चल रही हैं। रेल लाइनों का बड़े स्तर पर विद्युतिकरण हुआ है। इसका फर्क यह है कि 60 साल में 21 हजार लाइनों का विद्युतिकरण हुआ था, लेकिन इन दस साल में 44 हजार किलोमीटर का विद्युतिकरण हुआ है। रेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में खूब निवेश हुआ है, लेकिन रेलवे में कम हुआ है और इधर रिकार्ड कायम हुए हैं। मोदी सरकार ने 31 हजार नये ट्रैक बनाए हैं और एक साल में पांच हजार से अधिक रेलवे के नये ट्रैक बने हैं। रेलवे को लेकर निजीकरण की किसी भी तरह की गलत अवधारणा नहीं बनाने की उन्होंने विपक्षी दलों से आग्रह किया और कहा कि इस तरह की अवधारणा नहीं बनाई जानी चाहिए और स्वीकार करना चाहिए कि देश ने रेलवे के क्षेत्र में जबरदस्त तरक्की की है। सरकार ने सदस्यों की मांग को ध्यान में रखते हुए रेल के जनरल कोच बढाए गये हैं और हर रेल पर ज्यादा जनरल कोच लगाए जा रहे हैं। अमृत भारत में 20 में से 10 स्लीपर और दस अन्य कोच हैं। यह ट्रेन वंदे भारत की तर्ज पर बनाई गई है। अब हर महीने अमृत भारत की ट्रेन हर महीने या दो महीने में बढाई जाएगी और इसमें एक हजार किलोमीटर की यात्रा के लिए महज 400 रुपए में सफर करने की सुविधा है। प्रयागराज में महाकुंभ होने वाला है और इसके लिए 13 हजार रेलों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि 9000 रेलवे के बिना पहरेदार वाले लेवल क्रोसिंग को खत्म कर दिया गया है और वहां अंडर पास बनाए गये हैं। रेल में नई तकनीकी का इस्तेमाल कर रेलवे सुरक्षा में सुधार कर आटोमैटिक कंट्रोल को रेलवे में बढाया जा रहा है। रेलवे में सुरक्षा के सभी उपकरणों में सुरक्षा मानकों के साथ लगाया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा का मामला है इसलिए इन सुरक्षा उपकरणों को उच्च स्तरीय सुरक्षा मानकों के साथ लगाया गया है। उनका कहना था कि रेल सुरक्षा को लेकर विकसित देशों ने जो काम 20 साल में किया है भारत ने वह काम पांच साल में करके दिखाया है। कवच सिगनल को लोको पायलेट की कैबिन में ले आता है और दस किलोमीटर दूर के सिगनल को कैबिन पर ही दिखाई देते हैं और कोहरे की स्थिति में इसका बहुत उपयोग है। यह कवच रेड



लाइट आते ही खुद ही ब्रेक लगा देता है और लोको पायलेट ने इस पर खुशी जताई है और कहा है कि यह कवच रेलवे का नहीं बल्कि उनके परिवार का सुरक्षा कवच है। इसकी वजह से रेल दुर्घटना का आंकडा घटा है। मोदी सरकार से पहले साल में 345 रेल दुर्घटनाएं होती थी वह घटकर अब 95 तक आ गई है। रेलवे में रक्तियों को लेकर उन्होंने कहा कि पहले जहां चार लाख 11 हजार लोगों को नौकरी मिली थी मोदी सरकार ने पांच लाख से अधिक लोगों को नौकरी दी है और परीक्षा को बहुत पारदर्शी से कराया गया है। भर्ती के लिए सालना कैलेंडर बनाया गया है और उसके हिसाब से नौकरी दी जा रही है। पूर्वोत्तर को लेकर उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में मोदी सरकार ने रेलवे का अदभुत विकास हुआ है। नागालैंड में साल के बाद उल्लेखनीय कार्य हुआ है। वहां कोई राज्य नहीं है जहां रेल नहीं पहुंची। पर्वतीय राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड तथा जम्मू कश्मीर में रेल का ढांचा तैयार किया जा रहा है।

# मोदी सरकार ने सरकारी बैंकों को ताकतवर समूहों के 'निजी फाइनेंस' में तब्दील कर दिया-राहुल

नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को ताकतवर कारोबारी समूहों के लिए 'निजी फाइनेंसर' के रूप में तब्दील कर दिया है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद यह आरोप लगाया। राहुल गांधी ने मुलाकात का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को प्रत्येक भारतीय तक ऋण की सुविधा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। मोदी सरकार ने जनता की इन जीवनरेखाओं को केवल अमीर और शक्तिशाली समूहों के लिए निजी 'फाइनेंसर' में बदल दिया है।''उनका कहना था, ''मैं 'ऑल इंडिया बैंकिंग ऑफिसर्स कन्फेडरेशन' के एक प्रतिनिधिमंडल से मिला जिन्होंने हमारे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की स्थिति और आम लोगों पर इसके प्रभाव पर अपनी पीड़ा व्यक्त की।''राहुल गांधी ने दावा किया, ''सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को लोगों के मुकाबले लाभ को प्राथमिकता देने के लिए मजबूर किया जा रहा है और इस प्रकार वे प्रभावी ढंग से जनता की सेवा करने में असमर्थ हैं। कर्मचारियों की कमी और कामकाज के खराब माहौल के साथ उनसे समान अवसर के बिना असंभव लक्ष्यों को हासिल करने की उम्मीद की जाती है।''उनके अनुसार, महिला कर्मचारियों को समान अवसर या पदोन्नति नहीं दी जाती और बैंक कर्मियों को असंतुष्ट जनता के आक्रोश का भी सामना करना पड़ता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''मोदी सरकार को अपने जालसाज दोस्तों के लिए धन के असीमित स्रोत के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का उपयोग बंद करना चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में वर्ष के अंत में सरकार को लाभांश चेक देने के अलावा और भी बहुत कुछ होता है।''

## संक्षिप्त समाचार

# राइजिंग राजस्थान की सुहानी शाम में बिखरे सुरीले सुर

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आयोजित राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के तहत आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार शाम गुलाबी नगरी जयपुर की गुलाबी ठण्ड के बीच बिखरे सुरीले सुरों ने देशी विदेशी मेहमानों को खूब लुभाया। होटल जयमहल पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में गायन, वादन और नृत्य के सुमधुर सांगीतिक समन्वय के बीच पधारो म्हारे देश की थीम पर बिखरे सुरों से सजी यह निराली शाम खम्मा घणी ओ लाडी सा...पधारो रे सुहानी सा...आदि गानों और दीर्घ स्क्रीन पर दृश्य श्रव्य धुनों के बीच निवेशकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजस्थानी संगीत से समृद्ध धोरां वाले देश राजस्थान में निवेश को प्रोत्साहित करती सांझ में सुरम्य वातावरण और शानदार प्रदर्शन ने हर किसी का मन तो मोहा ही, तालियां भी खूब बटोरी। दीर्घ स्क्रीन्स पर हज़ारों की संख्या में दर्शक-दीर्घा में मौजूद जयपुराइट्स, यूथ एवं निवेशक आगन्तुकों ने पुष्कर और पिछोला झील के मनमोहक दृश्य, यूनेस्को की संरक्षित प्रादेशिक धरोहरों, दुर्गों, कुएं-बावड़ियों के शिल्प-स्थापत्य की आभा, प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर खनिजों के अजायबघर के नाम से सुविख्यात राजस्थान प्रदेश में वन, वन्य जीवों, अभयारण्यों आदि की छटा, आन -बान और शान की मरुधरा के व्यापक दिग्दर्शन कर हर कोई भाव विभोर हो उठा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में विकसित राजस्थान की तर्ज पर औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार तक तीन दिवसीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन किया गया। समिट में शिरकत करने आए देशी-विदेशी मेहमानों को प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, गौरवान्वित विरासत और सभ्यता से रूबरू करवाने की कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# हिमाचल के आनी में बस दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत, 15 घायल




आनी । एक दुखद हादसे में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के आनी में श्वाड-निगन सड़क पर शाकैलाड के पास एक निजी बस के गहरी खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना सुबह लगभग 11.30 बजे हुई जब एक निजी बस के चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और बस शकेलड़ के पास एक गहरी खाई में गिर गई। सूत्रों के अनुसार घटना के समय बस में कुल 42 यात्री सवार थे जिनमें से बस चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। कुल्लू के उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने हताहतों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि आनी प्रशासन को दुर्घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया गया। पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए एम्बुलेंस और पुलिस दल तेजी से घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए आनी अस्पताल में भर्ती किया गया है। गंभीर चोटों के कारण 10 मरीजों को शिमला और पांच को उन्नत उपचार के लिए रामपुर स्थानांतरित किया गया है। हादसे में बस चालक और दो अन्य लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पीड़ितों का समर्थन करने के लिए, प्रत्येक घायल व्यक्ति को 5,000 रुपये की तत्काल राहत सहायता प्रदान की जा रही है, जबकि मृतकों के परिवारों को 25,000 रुपये मिलेंगे। बचाव अभियान जारी है और अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। उपायुक्त ने ड्राइवरों से क्षेत्र के चुनौतीपूर्ण इलाके में गाड़ी चलाते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया, खासकर सर्दियों के दौरान, जब सड़क की स्थिति अक्सर खराब हो जाती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हिमाचल प्रदेश की खड़ी एवं घुमावदार सड़कों से उत्पन्न खतरों की याद दिलाती है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# मुंबई में सोने की तस्करी का भंडाफोड़, 19.6 करोड़ रुपये का सोना, चांदी और नकदी जब्त

मुंबई । राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), मुंबई क्षेत्रीय इकाई (एमजेडयू) ने तस्करी वाले सोने को अवैध रूप से पिघलाने में शामिल एक प्रमुख सोना निष्कर्षण एवं शोधन सुविधा का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी। उन्होंने कहा कि एक विशिष्ट खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई अधिकारियों ने तीन संबंधित स्थानों पर तलाशी ली, जिससे तस्करी वाला सोना, चांदी और नकदी पर्याप्त मात्रा बरामद हुआ। अभियान के दौरान 23.92 किलोग्राम सोने की छड़ें और पिघला हुआ सोना सहित विदेशी-चिह्नित सोना और 37 किलोग्राम चांदी जब्त की गई। इसके अलावा 5.4 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की गई। अधिकारियों ने कहा कि नकदी सहित जब्त किए गए सामानों का कुल मूल्य लगभग 19.6 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# लालू यादव बुढापे में 'सठिया' गए हैं - लवली आनंद

पटना । राजद अध्यक्ष लालू यादव के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित 'महिला संवाद यात्रा' को लेकर दिए गए 'आंख सेंकने' वाले बयान पर शुरू हुई बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी कड़ी में बुधवार को सांसद लवली आनंद ने राजद नेता लालू यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि लालू यादव बुढ़ापे में 'सठिया' गए हैं। उन्होंने कहा कि उनका यह बयान महिलाओं का अपमान है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान लवली आनंद ने कहा, लालू यादव बहुत गलत बात बोल रहे हैं। मुझे तो लग रहा है कि लालू यादव बुढ़ापा में सठिया गए हैं। उनका बयान महिलाओं का अपमान है। इस तरह की बात नहीं बोलनी चाहिए। लालू यादव मुख्यमंत्री के पद रहे और महिला जाति और मुख्यमंत्री के लिए इस तरह बोलना शोभा नहीं देता है। उनको अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए। ज्ञात हो कि एक दिन पहले मंगलवार को राजद के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू यादव इंडी गठबन्धन में नेतृत्व के सवाल पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी समर्थन दिया था। पत्रकारों ने जब लालू यादव से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक बयान के संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा, इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व ममता बनर्जी को दे देना चाहिए। हम सहमत हैं । कांग्रेस की आपत्ति से जुड़े प्रश्न पर लालू ने कहा था, कांग्रेस के आपत्ति जताने से कुछ नहीं होगा। ममता बनर्जी को नेतृत्व दे देना चाहिए। तिरहुत स्नातक चुनाव में जदयू उम्मीदवार की हार पर लवली आनंद ने कहा कि ये देखना पड़ेगा ऐसा कैसे हुआ। बहुत सारी बातें है उसपर मिल बैठकर समीक्षा करनी चाहिए। यह देखना होगा कि कहां चूक हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार में हुए चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में सभी सीटें एनडीए ने जीती हैं। इधर, इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कोई भी जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह उनका मामला है। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि एनडीए एकजुट है और देश में भी काम हो रहा है, राज्य में भी काम हो रहा है। इंडी गठबन्धन का कुछ होने वाला नहीं है।